इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव














# बिहार में पीएम मोदी की बड़ी सौगात, 36 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन




नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनावों से कुछ महीनों पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य को एक बड़ी सौगात दी है। सोमवार (आज) को पूर्णिया जिले में आयोजित एक विशाल रैली में पीएम मोदी ने करीब 36,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। यह कदम बिहार के पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास को नई गति देने के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## पीएम मोदी ने किया रैली का संबोधन

पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, बिहार का विकास भारत के विकास का आधार है। पिछले 11 वर्षों में हमने बिहार को 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का तोहफा दिया है। आज एक और नया अध्याय जोड़ते हुए हम पूर्वोत्तर बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उन्होंने मखाना उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि बिहार के मखाना को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने का समय आ गया है। रेल, सड़क, ऊर्जा और औद्योगिक विकास से जुड़ी कई योजनाओं का शिलान्यास, जिनमें 500 करोड़ रुपये का कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड वितरण भी शामिल है, जो ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाएगा।

## चुनाव से पहले बड़ा कदम

यह दौरा बिहार चुनावी माहौल में एनडीए सरकार के लिए एक बड़ा बूस्टर साबित हो सकता है। विपक्षी दल आरजेडी ने इसे चुनावी स्टंट बताते हुए हमला बोला है। पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 5 साल में देंगे 1 करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार

पीएम मोदी ने बड़ा ऐलान करते हुए बिहार में हमारी सरकार बनती है तो हम अगले 5 सालों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देंगे। अब बिहार में नए उद्योग स्थापित करने के लिए विशेष सहायता दी जा रही है, सब कुछ किया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से देश में तस्ज्ञ में भारी कमी की जाएगी। आपके दैनिक जीवन में ज़रूरत की ज़्यादातर चीज़ों पर तस्ज्ञ में भारी कमी की गई है। यहाँ आई मेरी माताओं और बहनों, मैं आपको विशेष रूप से बताना चाहता हूँ कि तस्ज्ञ में कमी होने से रसोई का खर्च बहुत कम होने वाला है। टूथपेस्ट, साबुन और शैम्पू से लेकर घी और खाने-पीने की कई चीज़ें सस्ती हो जाएँगी। बच्चों की पढ़ाई में इस्तेमाल होने वाली स्टेशनरी की कीमतें कम हो जाएँगी। इस बार त्योहारों में बच्चों के लिए नए कपड़े और जूते खरीदना आसान होगा। क्योंकि वे सस्ते भी होंगे। जब कोई सरकार गरीबों की परवाह करती है, तो वह गरीबों के कल्याण के लिए काम करती है। पीएम मोदी ने बिहार में कई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने बिक्रमशिला (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन का उद्घाटन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेना के तीनों अंगों से एकजुटता, आत्मनिर्भरता और नवाचार पर जोर देने का आह्वान किया है. कोलकाता में सेना के तीनों अंगों के संयुक्त कमांडर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि भविष्य की चुनौतियों एवं किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने के लिए एकजुटता, आत्मनिर्भरता और नवाचार हेतु ठोस कदम उठाएं. यह सम्मेलन देश के शीर्ष सैन्य एवं नागरिक सत्ता को सैन्य तैयारियों के लिहाज से एक मंच पर लाता है. प्रधानमंत्री का बयान ऐसे समय आया है जब सेना और वायुसेना के बीच थिएटरीकरण की प्रक्रिया पर मतभेदों की बात सामने आ रही थी. हर दो साल में एक बार होने वाले इस बार सम्मेलन का विषय सुधारों का वर्ष - भविष्य के लिए परिवर्तन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सैन्य बलों की सराहना की. साथ ही समुद्री डकैती रोकने, संघर्ष क्षेत्रों से भारतीय नागरिकों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# कोई भी गड़बड़ी मिली तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर अंतिम दलीलें सुनने के लिए 7 अक्तूबर की तारीख तय की है। कोर्ट ने कहा कि हम मानते हैं कि एक संवैधानिक संस्था भारत निर्वाचन आयोग बिहार एसआईआर प्रक्रिया में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन कर रहा है। अगर हमें बिहार एसआईआर के किसी भी चरण में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अपनाई गई कार्यप्रणाली में कोई अवैधता मिलती है, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि बिहार एसआईआर पर टुकड़ों में राय नहीं दी जा सकती, अंतिम फैसला पूरे भारत के लिए लागू होगा।



कोर्ट ने अंतिम दलीलों के लिए तय की तारीख

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि वह यह मानकर चल रही है कि एक संवैधानिक प्राधिकारी होने के नाते चुनाव आयोग ने एसआईआर के संचालन में कानून और अनिवार्य नियमों का पालन किया है। इसके अलावा शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे पर कोई भी विस्तृत राय देने से इनकार कर दिया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि उसके अंतिम फैसले का एसआईआर प्रक्रिया पर अखिल भारतीय प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह चुनाव आयोग को देश भर में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए इसी तरह की प्रक्रिया करने से नहीं रोक सकती। हालांकि, पीठ ने बिहार एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिकाकर्ताओं को 7 अक्तूबर को अखिल भारतीय एसआईआर पर भी बहस करने की अनुमति दे दी। इस बीच शीर्ष अदालत ने 8 सितंबर के उस आदेश को वापस लेने की मांग वाली एक याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें चुनाव आयोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## टैरिफ तनाव के बीच भारत पहुंचेगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल

नई दिल्ली। ट्रंप के टैरिफ को लेकर पनपे तनाव के बीच भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत फिर शुरू होने जा रही है। ट्रंप प्रशासन के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली पहुंचेगा। रूस से तेल खरीदने को लेकर ट्रंप के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद दोनों देशों के बीच पहली बार द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर वार्ता होगी। प्रस्तावित भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पांच दौर की वार्ता पूरी हो चुकी है। इससे पहले अमेरिकी टीम 25 अगस्त को छठे दौर की बातचीत के लिए भारत आने वाली थी। लेकिन अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद यह वार्ता टाल दी गई थी। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि हमने पहले भी संकेत दिया है कि चर्चाएं चल रही हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनाया फैसला, 3 प्रावधानों पर लगाई रोक




नई दिल्ल। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने इसके कुछ जरूरी प्रावधानों पर रोक लगा दी है। जिसमें वक्फ बोर्ड का सदस्य बनने के लिए 5 साल इस्लाम धर्म का पालन करने की शर्त रखी गई थी, कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि जब तक इसे लेकर उचित नियम तैयार नहीं होंगे, तब तक इसे लागू नहीं किया जाएगा। बता दें कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने 22 मई को अंतरिम आदेश सुरक्षित रखे थे। चीफ जस्टिस क्क्र गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने लगातार 3 दिनों तक याचिकाकर्ताओं और केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनी थीं। इसके बाद अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया गया था। वक्फ संशोधन अधिनियम पर सुनवाई के दौरान CJI ने कहा, पूरे एक्ट पर रोक लगाने का कोई आधार नहीं है, लेकिन 3 प्रावधानों पर रोक लगाई (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## Gen-Z प्रदर्शनकारियों ने नेपाली पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा

काठमांडू। हामी नेपाल NGO के प्रमुख और Gen-Z आंदोलन के नेता सुदान गुरुंग रविवार रात समर्थकों के साथ पीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे। हामी नेपाल NGO के प्रमुख और Gen-Z आंदोलन के नेता सुदान गुरुंग रविवार रात समर्थकों के साथ पीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन करने पहुंचे।



नेपाल में Gen-Z प्रदर्शनकारियों ने अंतरिम पीएम सुशीला कार्की का इस्तीफा मांगा है। वे कैबिनेट विस्तार को लेकर नाराज हैं। प्रदर्शनकारियों ने रविवार रात पीएम आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार प्रदर्शनकारियों की राय लिए बिना मंत्रियों को चुन रही है। इसका नेतृत्व सुदान गुरुंग कर रहे थे। गुरुंग ने धमकी देते हुए कहा, अगर हम फिर सड़क पर उतरे तो कोई हमें रोक नहीं पाएगा। जिस कुर्सी पर बैठाया है, वहीं से निकाल फेंकेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सीनियर वकील ओमप्रकाश आर्यल सरकार में दखलअंदाजी कर रहे हैं। गुरुंग का आरोप है कि आर्यल ने खुद को गृहमंत्री बनाने का फैसला किया है। ओमप्रकाश आर्यल काठमांडू के मेयर बालेन शाह के करीबी माने जाते हैं। पीएम कार्की ने ओमप्रकाश आर्यल को गृह और कानून मंत्री, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरे पर राहुल गांधी, डूबी फसलें-टूटे घर देखे

अमृतसर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने पहुंचे। वे अमृतसर और गुरदासपुर के गांवों में गए। पानी में डूबी फसलें और टूटे हुए घर देखे। बाढ़ पीड़ितों और किसानों का दर्द समझा। इस दौरान पंजाब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के साथ रहे। सुरक्षा कारणों के चलते जिला प्रशासन ने गुरदासपुर के रावी दरिया पार बसे सात गांवों में राहुल गांधी को जाने की अनुमति नहीं दी।



राहुल गांधी सुबह करीब साढ़े 9 बजे श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां से गांव अजनाला के लिए रवाना हुए। इसके बाद बाढ़ प्रभावित रमदास के घोनेवाल और माछीवाल दौरा किया। सात घरों में गए। उन्होंने पीड़ित परिवारों से बातचीत की। मदद का भरोसा दिया। उन्होंने एक पीड़ित परिवार के 5 साल के बच्चे अमृतपाल को चॉकलेट और टॉफियां भी दी। घोनेवाल में ही राहुल गांधी एक मुस्लिम परिवार के घर में 21 मिनट रुके। इस दौरान उन्होंने माइक पकड़ कर घर के सदस्यों से बाढ़ के हालातों के बारे पूछा। इस मुस्लिम परिवार में छह महीने पहले ही अपना नया घर बनाया था। पहाड़ के कारण उनके पुराने घर के दो कमरे बह गए और नए घर कि नींव भी बैठ गई। परिवार (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कॉमर्शियल गाड़ियों के लिए भी एनुअल फास्टैग लाने की तैयारी

नई दिल्ली। सार्वजनिक परिवहन को सुविधाजनक बनाने के लिए केंद्र सरकार राज्य परिवहन निगम की बसों और निजी व्यावसायिक वाहनों के लिए भी वार्षिक फास्टैग पास ला सकती है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने परिवहन सेवा के इस बड़े वर्ग के हित में विचार शुरू कर दिया है।



नितिन गडकरी ने कर दिया एलान

इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे सुविधाएं विकसित करने के लिए भी केंद्र सरकार निजी बस संचालकों के समूहों को रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। सार्वजनिक परिवहन की बात करें तो देश में सबसे बड़ी भूमिका निजी बसों की है। बस एंड कार ऑपरेटर्स कन्फेडरेशन ऑफ इंडिया का आंकड़ा कहता है कि देश में 92 प्रतिशत बसें निजी क्षेत्र की हैं, जिनकी संख्या लगभग बीस लाख है। दावा है कि प्रतिदिन पांच लाख यात्री हवाई सेवा का सफर करते हैं, 2.40 करोड़ यात्री रेलवे से, 1.15 करोड़ यात्री मेट्रो से, जबकि 40 करोड़ यात्री देशवासी बसों से सफर करते हैं। इसमें 32 करोड़ मुसाफिर निजी बसों में होते हैं। परिवहन का इतना बड़ा माध्यम होने के बावजूद पर्याप्त सुविधाएं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कर्नाटक वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाला: सीबीआई के छापे

नई दिल्ली। कर्नाटक के वाल्मीकि कॉरपोरेशन घोटाले में सोमवार को एक बड़ा एक्शन हुआ है. सीबीआई ने सोमवार को कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में 16 जगहों पर छापेमारी की. यह केस कर्नाटक महार्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम लिमिटेड से जुड़ा है, जिसे आमतौर पर वाल्मीकि कॉरपोरेशन कहा जाता है. आरोप है कि यहां से करोड़ों रुपये सरकारी खाते से निकालकर तत्कालीन मंत्री के करीबी लोगों और रिश्तेदारों के निजी खातों में ट्रांसफर किए गए.




मंत्री के अपनों तक पहुंचा सरकारी फंड

यह मामला सबसे पहले 3 जून 2024 को तब दर्ज हुआ जब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम ने शिकायत दी. शिकायत में बताया गया कि फरवरी 2024 से मई 2024 के बीच करीब 84.63 करोड़ रुपये फर्जीवाड़े और हेराफेरी के जरिए गायब कर दिए गए. 16 नवंबर 2024 को बीजेपी विधायक बसनगौड़ा आर. पाटिल ने कर्नाटक हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की और मांग की कि सीबीआई कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट पेश करे और बीच-बीच में स्टेटस रिपोर्ट भी जमा करे. तब से हाईकोर्ट इस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वनतारा को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चीट

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद वनतारा ने जारी किया बयान, कहा- जीवन भर पशु-पक्षियों की रक्षा करुणा के साथ करते रहेंगे

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता वाली एसआईटी ने गुजरात के प्राणी बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा को क्लीन चिट दे दी है। इसके बाद वनतारा ने बयान जारी कर कहा है कि हम जीवन भर पशु और पक्षियों की रक्षा और देखभाल करुणा के साथ करते रहेंगे।



अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ, हम भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल की रिपोर्ट का स्वागत करते हैं। SIT की रिपोर्ट और माननीय सर्वोच्च न्यायालय का आदेश यह स्पष्ट करता है कि वंतारा के पशु कल्याण मिशन पर उठाए गए संदेह और आरोप निराधार थे। SIT के प्रतिष्ठित और व्यापक रूप से सम्मानित सदस्यों द्वारा सत्य की पुष्टि न केवल वंतारा के सभी सदस्यों के लिए राहत है, बल्कि एक आशीर्वाद भी है, क्योंकि यह हमारे कार्य को स्वयं बोलने की अनुमति देता है।

SIT की निष्कर्ष और सर्वोच्च न्यायालय का आदेश हमें और अधिक शक्ति और प्रोत्साहन प्रदान करता है ताकि हम उन प्राणियों की सेवा विनम्रता और समर्पण के साथ जारी रख सकें जो स्वयं के लिए बोल नहीं सकते। वंतारा परिवार इस पुष्टि के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता है और सभी को आश्वस्त करता है कि हम जीवन भर पशु और पक्षियों की रक्षा और देखभाल करुणा के साथ करते रहेंगे। वंतारा हमेशा प्रेम, करुणा और उन मूक प्राणियों के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक रहा है। हर जानवर जिसे हम बचाते हैं, हर पक्षी जिसे हम उपचार देते हैं, हर जीवन जिसे हम बचाते हैं – यह सब हमें याद दिलाता है कि उनका कल्याण हमारे अपने कल्याण से अलग नहीं है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चैतन्य बघेल की याचिका पर हुई सुनवाई, 19 सितंबर को फिर होगी अगली सुनवाई

बिलासपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की ईडी की कार्रवाई के खिलाफ लगाई गई याचिका पर सोमवार को फिर सुनवाई हुई। चैतन्य और ईडी के अधिवक्ता के तरफ से चली लंबी बहस अधूरी रही। अब अगले शुक्रवार यानी 19 सितंबर को फिर बहस होगी। शराब घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चैतन्य बघेल ने अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने कोर्ट को बताया कि चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी ठोस सबूतों और वित्तीय लेन-देन के आधार पर की गई है।



एजेंसी ने दावा किया कि शराब घोटाले से जुड़े दस्तावेजों,बैंक लेन-देन और गवाहों के बयानों से साफ है कि बघेल ने अवैध कमाई को अपने व्यवसाय में लगाया। जबकि चैतन्य की ओर से ईडी की कार्रवाई और गिरफ्तारी को अवैधानिक और राजनीति से प्रेरित बताया गया। उल्लेखनीय है कि 18 जुलाई 2025 को चैतन्य बघेल को ईडी ने रायपुर से गिरफ्तार में लिया था। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि शराब घोटाले से उन्होंने 16 करोड़ 70 लाख रुपए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दुर्ग, मनेंद्रगढ़, जशपुर समेत छत्तीसगढ़ में 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार नए आयाम जुड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार ने चिकित्सा शिक्षा को और मजबूत करने के लिए बड़ा निर्णय लेते हुए 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों के निर्माण से न केवल युवाओं को नए अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता भी बेहतर होगी।



प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिन जिलों में नए फिजियोथेरेपी कॉलेज स्थापित होंगे उनमें मनेंद्रगढ़, जशपुर, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग और जगदलपुर शामिल हैं। इन महाविद्यालयों के निर्माण के लिए सरकार ने कुल 83 करोड़ 62 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। प्रत्येक महाविद्यालय के लिए लगभग 13 करोड़ 93 लाख 71 हजार रुपए (करीब 14 करोड़) का बजट तय किया गया है। यह निवेश न केवल आधुनिक इमारतों और प्रयोगशालाओं के निर्माण पर खर्च होगा बल्कि छात्रों के लिए आवश्यक उपकरणों और अधोसंरचना पर भी किया जाएगा। यह निर्णय प्रदेश की युवाशक्ति के लिए नई राह खोलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता का स्वास्थ्य और हमारे युवाओं का भविष्य, दोनों हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। आज जिन 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्वीकृति दी गई है, वे केवल संस्थान नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की नई इमारत की नींव हैं। इन महाविद्यालयों से प्रदेश के युवा डॉक्टर और विशेषज्ञ बनकर न केवल छत्तीसगढ़ की सेवा करेंगे बल्कि पूरे देश में राज्य की पहचान को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा चैतन्य देवियों की झांकी 23 से



राजनांदगांव(दावा)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजनांदगांव द्वारा नवरात्रि के पावन अवसर पर चैतन्य देवियों की झांकी का आयोजन 23 सितंबर से होने जा रहा है। ज्ञात हो कि राजयोग साधनारत ब्रह्माकुमारी बहनें ही विभिन्न देवियों के रूप विराजमान होती है जो देखने में साक्षात् प्रतिमा सी लगती है। ऐसी अद्भुत झांकी देखने के लिए 23 सितंबर से1अक्टूबर तक आप सभी सादर आमंत्रित हैं। इस झांकी का आयोजन ब्रह्माकुमारीज़ के नए भवन डोंगरगांव रोड,गोकुल नगर के आगे, बिजली सब स्टेशन के पास स्थित ज्ञान मानसरोवर में प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। यह जानकारी स्थानीय सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी ने दी।

### जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक 18 को

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में 18 सितम्बर 2025 को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित बैठक में उपस्थित होने कहा गया है।

### अशोका आई.टी.आई. में 17 सितंबर तक प्रवेश की अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। नगर के प्रमुख अशोका प्राइवेट आई.टी.आई. में अंतिम चरण में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। विदित हो की प्रदेश में विभिन्न निजी आई.टी.आई. में प्रवेश की अंतिम तिथि 17 सितम्बर निर्धारित की गयी है। स्थानीय अशोका आई.टी.आई. में संचालित कोर्स कोपा, स्टेनो तथा इलेक्ट्रीशियन में रिक्त सीटों पर प्रवेश जारी है। उल्लेखनीय है कि अशोका प्राइवेट आई.टी.आई. में कोपा एवं स्टेनो कोर्स में विशेष छूट होने के कारण छात्र-छात्राओं के मध्य उत्साह देखा जा रहा है। जिन छात्र-छात्रओं को अभी तक प्रवेश नहीं मिला है वे तत्काल महाविद्यालय में संपर्क कर प्रवेश ले सकते है। उपरोक्त सभी कोर्सों के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 वी पास है। ज्ञातव्य हो कि अशोका प्राइवेट आई.टी.आई. में संचालित कोर्सों के अतिरिक्त केन्द्र सरकार के स्किल डेवलपमेन्ट प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित विभिन्न समयावधि के रोजगारोन्मुखी कोर्स जो पूर्णतः निशुल्क होते है का संचालन भी महाविद्यालय परिसर में किया जाता है जिसका लाभ भी छात्र-छात्रायें उठा सकते है अधिक जानकारी के लिये मो.नं. 8319493983 तथा 8602502398 में संपर्क कर सकते है।

### पूर्व सांसद गांधी ने की नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन से मुलाकात



नई दिल्ली (दावा)। नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति डॉ.सी.पी. राधाकृष्णन को राज्यसभा कार्यालय में पदभार ग्रहण के अवसर पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत करते हुए ऑल इंडिया एक्स एमपी एसोसिएशन के महासचिव पूर्व सांसद प्रदीप गांधी।

### नवल किशोर वर्मा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। नवल किशोर वर्मा आत्मज स्व. रामकृष्ण वर्मा का 55 वर्ष की आयु में 15 सितंबर को हृदयघात से दुखद निधन हो गया है। दिवंगत पुण्यात्मा की अंतिम यात्रा स्थानीय महेश नगर स्थित निज निवास से मठपारा मुक्तिधाम के लिये 15.09.2025 की शाम 4 बजे रवाना हुई जिसमें परिजनों, ईष्टमित्रों के साथ बड़ी संख्या में सामाजिक बंधुगण उपस्थित रहे। दिवंगत पुण्यात्मा स्वर्गीय रामकृष्ण वर्मा के ज्येष्ठ पुत्र एवं व्यवसायी कमल, कृष्णा एवं गिरीश वर्मा के ज्येष्ठ भ्राता, दो पुत्री रौनक एवं प्रतिभा के पिता थे। वे अपने पीछे एक भरापूरा परिवार छोड़ गए है।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
13th Sep to 18th Sep 2025



Demon Slayer Kimetsu No Yaiba Infinity Castle (Hindi) - 12:30, 03:30 and 06:30 pm
Mirai - 03:00, 06:00 & 09:00 pm
Heer Express - 03:30 pm
Baaghi 4 - 12:00, 06:15 & 09:15 pm
The Conjuring Last Rites- 09:30pm
Dantela (CG) - 12:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सस्पेंस फिल्म
खारून पार
एल्सा घोस - शीला वर्मा
क्रांति दीक्षित, उपासना वैष्णव





ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com


## मां पाताल भैरवी सिद्धपीठ में शारदीय क्वांर नवरात्र की तैयारियां अंतिम चरण में

राजनांदगांव (दावा)। मानव सेवा व जनकल्याण के लिए अंचल सहित देशभर में पहचान बना चुकी बफार्नी सेवाश्रम समिति द्वारा अपने आशीर्वादक राष्ट्रीय संत श्री श्री 1011 योगाधिराज ब्रम्हर्षि बफार्नी दादा जी के आशीर्वाद से संस्था द्वारा संचालित गर्भगृह में विराजमान मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ बफार्नी आश्रम में शारदीय क्वांर नवरात्र 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक हवन, पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही ज्योत प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित है। इसके अलावा इस वर्ष शरद पूर्णिमा पर 6 अक्टूबर सोमवार को स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को जड़ीबुटी युक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। संस्था के सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू' ने बताया कि सारे देश में मनाए जाने वाले मां भगवती के साधना व भक्ति का महापर्व शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व बफार्नी आश्रम स्थित मां पाताल भैरवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी दश महाविद्या द्वादश ज्योर्तिलिंग शिव शक्ति सिद्धपीठ में भी 22 सितम्बर सोमवार से 1 अक्टूबर बुधवार 2025 तक मनाया जाएगा। जिसमें प्रतिदिन माता व अन्य देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा पाठ के अलावा आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित है।

नौ दिन होंगे श्रद्धा भक्ति भावपूर्ण आयोजन

शारतीय क्वांर नवरात्रि प्रतिपदा एकम 22 सितम्बर सोमवार को अविभाज्य मुहूर्त दोपहर 11.36 से 12.24 के मध्य गौरी गणेश नवग्रह स्थापना, गुरु पूजन के पश्चात माई ज्योत व गुरु ज्योत प्रज्ज्वलन के साथ ही माता व भोलेनाथ की आरती उतारी जाएगी। तत्पश्चात मनोकामना ज्योति कलश रखने वाले श्रद्धालुओं की ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाएगी। 26 सितम्बर शुक्रवार को ललिता पंचमी के अवसर पर मां पाताल भैरवी सहित मां राज राजेश्वरी, त्रिपुर सुंदरी, दस महाविद्या, भगवान पातालेश्वर महादेव सहित द्वादश ज्योतिलिंगों, हनुमान जी, गणेश जी व भैरव बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाएगा।



समिति व श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित किए जाएंगे ज्योति कलश

### महाअष्टमी हवन 30 को व ज्योति कलश विसर्जन 1 अक्टूबर को

इस बार नवरात्र 10 दिनों की पढ़ने के कारण महाअष्टमी हवन 30 सितम्बर मंगलवार को व दुर्गा नवमी 1 अक्टूबर बुधवार को आयोजित है। संस्था द्वारा श्री यंत्र पर आधारित यज्ञ शाला में महाअष्टमी हवन 30 सितम्बर को संध्या 6 बजे से एवं ज्योति कलश विसर्जन 1 अक्टूबर बुधवार को मंदिर समिति व अन्य श्रद्धालुओं के द्वारा किया जाएगा। दुर्गा नवमी पर 10.30 बजे से कुवारी कन्या भोजन, महाआरती व ज्योति कलश विसर्जन किया जाएगा।

### आयोजन में मिल रहा इनका सहयोग

इस आयोजन को लेकर संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, उपाध्यक्ष दीपक जोशी, सचिव गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू', कोषाध्यक्ष नीलम जैन, महंत गोविंद दास, महेन्द्र लुनिया, दामोदर अग्रवाल, कमलेश सिमनकर, संतोष खंडेलवाल, सूरज जोशी, आलोक जोशी, लीलाधर सिंह, बलविंदर सिंह भाटिया, कुलबीर छाबड़ा, संजय खंडेलवाल, योगेन्द्र पांडे, मनीष परमार सहित अन्य सदस्यगणों ने आम श्रद्धालुओं से अपेक्षा की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में माता का दर्शन लाभ कर आशीर्वाद प्राप्त करें। इसके अलावा संस्था ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व नगर निगम से भी सहयोग की अपेक्षा की गई है।

### शरद पूर्णिमा पर बटेगी जड़ीबुटीयुक्त खीर प्रसाद का निःशुल्क वितरण

संस्था द्वारा पिछले 27 वर्षों से भी अधिक समय से मानव सेवा एवं जनकल्याण के तहत बांटी जाने वाली निःशुल्क खीर प्रसाद का वितरण इस वर्ष शरद पूर्णिमा के अवसर पर 6 अक्टूबर 2025 सोमवार की रात्रि स्वांस, दमा व अस्थमा पीड़ितों को पौराणिक मान्यता अनुसार निःशुल्क जड़ी बुटी युक्त खीर प्रसाद का वितरण करने का निर्णय भी लिया गया है।

## करुणा शंकर तिवारी कान्यकुब्ज सभा के नए अध्यक्ष



सूर्यप्रकाश द्विवेदी एवं प्रदीप मिश्रा संरक्षक बने

राजनांदगांव (दावा)। कान्यकुब्ज सभा भवन कौरिनभाठा में आयोजित आमसभा में अध्यक्ष पद हेतु करुणा शंकर तिवारी का नाम प्रकाश शुक्ला ने प्रस्तावित किया तथा सुनील बाजपेई ने समर्थन किया सर्वसम्मति से करुणा शंकर तिवारी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। प्रदीप मिश्र एवं डॉ. सूर्यप्रकाश द्विवेदी को सर्वसम्मति से संरक्षक पद ग्रहण करने का सभा ने निवेदन किया जिसे संरक्षकद्वय द्वारा स्वीकार किया गया। सभा में सर्वप्रथम प्रदीप मिश्रा अध्यक्ष कान्यकुब्ज सभा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां की विवेचना की एवं अध्यक्षीय कार्यकाल के दौरान समाज के सभी सदस्यों के प्रति आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। सभा के कोषाध्यक्ष अखिलेश तिवारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्यय विवरण प्रस्तुत कर आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुमानित बजट की सर्वसम्मति से स्वीकृति प्राप्त की। बैठक के दौरान डॉ. अरुण शंकर दीक्षित, प्रकाश शुक्ला, आर.पी. दीक्षित, मनीष मिश्रा, सुनील बाजपेई, उमाकांत बाजपेई, आशीष त्रिपाठी ने समाज की आर्थिक स्थिति के सुधार एवं सामाजिक गतिविधि के उन्नयन हेतु महती सुझाव दिये। आमसभा में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य ऋषि कुमार तिवारी, बी.डी. तिवारी, प्रभात तिवारी, विवेक शुक्ला, डॉ. आलोक मिश्रा, मुकेश तिवारी, यज्ञ नारायण शुक्ला, श्रीकांत दीक्षित, निर्मल शुक्ला, मदन मोहन मिश्रा, उमाकांत बाजपेई, भूपेन्द्र बाजपेई, आशुतोष तिवारी, इन्द्र कुमार तिवारी, प्रफुल्ल तिवारी, जगदीश प्रसाद मिश्रा, यज्ञ नारायण शुक्ला, श्रीकांत दीक्षित, अजय मिश्रा, निर्मल शुक्ला, तरुण शुक्ला, सुशील तिवारी, मुकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, दिवाकर बाजपेई, पंकज तिवारी, विकास शुक्ला, मदन मोहन मिश्रा, राजेश मिश्रा, शैलेंद्र बाजपेई एवं प्रसन्न तिवारी सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। सभा का संचालन सचिव अजय शुक्ला ने किया।

## शराब पीने पैसों की मांग करने वाला आरोपी गिरफ्तार



अन्य आरोपियों की सरगर्मी से की जा रही पतासाजी

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में प्रार्थी से शराब पीने पैसों कुछ मांग करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के समक्ष पेश किया गया है।

घटना के संबंध में श्री साहू ने बताया कि प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि रविवार 14 सितंबर को वह अपने दोस्तो के साथ मोहारा ओव्हर ब्रिज के पास खडे होकर बातचीत कर रहा था। उसी दौरान देवा यदु, भूषण उईके एवं उसके अन्य साथी इन लोगो को शराब पीने के नाम से पैसे की मांग करने लगे । तथा नही देने पर अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं बीयर की खाली बोतल से मारपीट किया है। इस रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 430/25 धारा 296,115(2),119(2),351(2),3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी देवा यदु पिता कृष्णा निवासी नंदई कुंआ चौक थाना बसंतपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर कथन लिया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में पेश किया गया तथा प्रकरण अन्य आरोपीगणो की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है।

## ग्राम मनकी में शराब पीने वालों की खैर नहीं

भरना पड़ेगा 21 सौ रुपए का जुर्माना

जो करेगा नशा, उसकी होगी दुर्दशा, नारे से दहशत में आए मदिरा प्रेमी



राजनांदगांव (दावा)। शहर के 7 किमी दूर नेशनल हाईवे में पड़ने वाले ग्राम मनकी में इन दिनों शराब सेवन जैसे सामाजिक बुराई के खिलाफ अभियान छेड़ दिया गया है। इस अभियान को सबका साथ मिलते दिख रहा है। शराब जैसे बुराई को गांव घर से भगाने सजग ग्राम वासियों द्वारा, जब नशे का नाश होगा, तो गांव का विकास होगा, जन-जन ने ठाना है, नशे को मिटाना है,, जैसे नारे उछाले जा रहे हैं जो आसपास के गांवों के लिए प्रेरणादायक बन गया है।

बता दें कि शनिवार 13 सितंबर को उपरोक्त परेशानियों को लेकर आम सभा आयोजित की गई जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने भाग लिया। उक्त बैठक में अभियान को गति देने नए पदाधिकारी चुने गए। ग्राम मनकी में बड़ी संख्या में उपस्थिति लोगों की भीड़ के बीच ग्रामवासियों द्वारा निर्णय लिया गया कि ग्राम में नशा मुक्ति रोकथाम संगठन के द्वारा नशा मुक्त समाज और नशा मुक्त गांव बनाएंगे। इस दौरान बैठक में ग्रामवासियों द्वारा विस्तृत चर्चा हुई जिसमें गांव में अगर कोई व्यक्ति शराब, गांजा, सट्टा, क्रय विक्रय कर पकड़ाया गया तो उसे 21000 रू. जुर्माने से दण्डित किया जाएगा व बताने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रख उसे 5000 रू. इनाम दिया जायेगा। बताया गया है कि ग्राम विकास समिति ग्राम स्तर पर 8000 रू. दिया जाएगा, वह जिस समाज के व्यक्ति पकड़ाते है उस समाज को 8000 रू. समाज को दिया जाएगा। इसी तरह गांव में दुकानदार अपने दुकान के सामने शराब पिलाते पकड़ा गया तो उसे 5000 रू. का जुर्माना लगेगा तथा वह व्यक्ति जो बताएंगे उसे 1000 रू. इनाम दिया जायेगा उसका भी नाम गोपनीय रहेगा।

ग्राम विकास समिति ग्राम स्तर पर 2000 रू. दिया जायेगा एवं अगर किसी समाज के व्यक्ति पकड़ाते तो समाज में 2000 रू. जमा किया जाएगा। गांव स्तर में या सार्वजनिक स्तर में मीटिंग बैठक तथा आम सभा होती है तो उसमें शराब पी कर आने व बहस करने पर उसे 500 रू. जुर्माना लिया जाएगा। स्वच्छता के तहत अगर कोई व्यक्ति कचरा घर से रोड या नाली, चौक चौराहा में डालते पकड़ा गया तो उस व्यक्ति पर 1000 रू. का जुर्माना लिया जाएगा। गांव में मवेशी मालिक के पशु रोड़ , चौक चौराहा मे घूमते पाया गया तो उससे प्रति मवेशी 500 रू. जुर्माना लिया जायेगा । जुर्माना नही देने पर एफ आई आर दर्ज कराई जाएगी।

इसी तरह सार्वजनिक स्थल व चौक चौराहे में कोई भी व्यक्ति गाली गलौज, मारपीट या अपशब्द का उपयोग करता है तो उस दोनों पक्षो के व्यक्ति को 5000 रू. का जुर्माना लिया जायेगा तथा बताने वाले व्यक्ति को 1000 रू. का इनाम दिया जायेगा। ग्राम विकास समिति ग्राम स्तर पर 2000 रुपया एवं जिस समाज व्यक्ति पर जुर्माना लगा हुआ है उस समाज में 2000 रू. जमा किया जावेगा। ग्रामवासियों द्वारा की गई गांव में शराब बंदी और साफ़ सफाई से लेकर मारपीट गाली-गलौज जैसे घटनाएं की रोक थाम के लिए लिए गए निर्णय से असामाजिक तत्वों ने भय का माहौल बना हुआ है।

## हिंदी दिवस पर आभा श्रीवास्तव को मिला सम्मान



साहित्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहा गया

राजनांदगांव (दावा)। हिंदी दिवस के अवसर पर टाउन हॉल रायपुर में आयोजित हिंदी उत्सव कार्यक्रम में राजनांदगांव की साहित्यकार श्रीमती आभा श्रीवास्तव को उनके साहित्यिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह भव्य आयोजन छत्तीसगढ़ साहित्य एवं संस्कृति संस्थान तथा जिला प्रशासन रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हिंदी की बदलती दुनिया विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। साथ ही कई नई पुस्तकों का विमोचन और आकाशवाणी समाचार वाचकों का सम्मान भी किया गया। समारोह में दिल्ली से पधारे वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल कमल, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज, छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक डॉ. सुशील त्रिवेदी, संस्कृति विशेषज्ञ राहुल कुमार सिंह, डॉ. सुधीर शर्मा, डॉ. सुरेश शुक्ल तथा कार्यक्रम की संयोजक शकुंतला तरार व सीमा निगम की उपस्थिति में श्रीमती आभा श्रीवास्तव को सम्मान प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि आभा श्रीवास्तव की अब तक तेरह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे न केवल साहित्यिक जगत में सक्रिय रही हैं, बल्कि उनकी कविताएं और लेख आकाशवाणी, दूरदर्शन सहित विभिन्न टीवी चैनलों पर भी प्रसारित होते रहे हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राजभाषा आयोग, समाज कल्याण बोर्ड एवं महिला आयोग से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके निरंतर साहित्य साधना व समाजसेवा को लेकर प्रदेश भर में सराहना की जा रही है।

## एनबीआईएस बोरी की खेल प्रशिक्षिका दिव्या साहू बनीं भारतीय महिला टीम की कप्तान



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी की खेल प्रशिक्षिका दिव्या साहू भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त की गई है। दिव्या साहू का चयन 20 से 24 अगस्त तक, श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय टेनिस बॉल क्रिकेट द्वितीय श्रीलंका चैंपियनशिप ट्राफी 2025 के दौरान टीम में उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने में किया गया। ज्ञात हो कि इस चैंपियनशिप में देश के विभिन्न राज्यों के खिलाड़ीयों ने हिस्सा लिया, जिसमें दिव्या साहू ने टीम में अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए, यह जगह सुनिश्चित की। इस चैंपियनशिप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दिव्या साहू की इस उपलब्धि पर शाला परिवार में हर्ष का माहौल है। शाला के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा दिव्या साहू का सम्मान करते हुए कहा कि यह अवसर शाला परिवार को गौरवान्वित करने वाला है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान पद पर नियुक्त होना, स्वयं के लिए गर्व महसूस करना है। आज न केवल एनबीआईएस अपितु पूरे देश को दिव्या साहू की उपलब्धि पर नाज है, जिसने अपनी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।


न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202509093700010अ-6 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक नीलेश कुमार बाफना, आ. स्व. लालचंद बाफना, निवासी गंजलाईन, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला गंज लाईन स्थित शीट क्रमांक 48 डी, भूखण्ड क्रमांक 231/1,3 क्षेत्रफल 84.87 वर्गमीटर जो धारकगण लालचंद, अशोक कुमार आ. पूनमचंद, निवासी-गंजलाईन राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहधारक, लालचंद आ. पूनमचंद की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उसके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। अतः उक्त भूमि/मकान/संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 26.09.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी। यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगांव


## कालीबाड़ी केशर नगर में इस वर्ष भी भव्य होगा दुर्गा उत्सव

राजनांदगांव (दावा)। कालीबाड़ी केसर नगर स्थित बंगाली समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले दुर्गा पूजा उत्सव को इस वर्ष भी पारंपरिक भव्यता के साथ मनाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। हाल ही में समिति की बैठक आयोजित कर पूजा आयोजन की रूपरेखा तय की गई तथा पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. डी.के. पाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष पद हेतु प्रदीप रॉय, प्रदीप बोस, एस.के. सरकार, श्रीमती जूथिका सेनगुप्ता, श्रीमती सविता बोस, श्रीमती वंदना सिन्हा, श्रीमती सोनिया भट्टाचार्य, पार्थो रॉय, निरंजन बेपारी, सुजीत दत्ता, प्रदीप हरि एवं रंजित सरकार का नाम तय किया गया। वहीं, सचिव पद की जिम्मेदारी सतदल पात्रा को सौंपी गई। सहसचिव के रूप में भास्कर पॉल, शंभु गुच्छाईत एवं असीत मन्ना का मनोनयन हुआ। समीर साहा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

समिति ने जानकारी दी कि दुर्गा पूजा का शुभारंभ 27 सितंबर (महा पंचमी) से किया जाएगा। आयोजन को आकर्षक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों से समृद्ध बनाने की योजना पर कार्य शुरू कर दिया गया है।

## पुलिस ने कोचियों से 22 पौवा अंग्रेजी एवं 20 नग देशी शराब की जप्त



आबकारी एक्ट के तहत हुई कार्यवाही

राजनादगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में शराब कोचियों को धरपकड़ कर जहां 22 पौवा अंग्रेजी व 20 नग देशी शराब की जब्ती की है, वहीं मोहल्ले में हो-हुल्लड़ करने वालों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि आरोपी रंजीत सोनवानी पिता बोटू सोनवानी उम्र 45 साल निवासी प्रभातनगर, राजेश सिंह पिता श्रीकांत सिंह उम्र 52 साल निवासी बीएनसी मिल चाल बल्देवबाग को मुखबीर सूचना के आधार पर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों से पृथक-पृथक 22 पौवा अंग्रेजी शराब एवं 20 पौवा देशी शराब जप्त कर उनके खिलाफ धारा 34-ए आबकारी एक्ट के तहत् कार्यवाही किया गया। इसके अलावा पुलिस ने मोहल्ले में हो-हुल्लड़ कर शांति भंग करने वाले, इमरान खान उर्फ सिब्बू खान पिता इजराईल खान उम्र 27 साल, साहिल कुरैशी पिता गयासुद्दीन उम्र 19 साल दोनो निवासी नंदई कुंआ चौक के विरूद्ध धारा 170 भा.ना.सु.सं. के तहत् कार्यवाही करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### शुभांक

अनुमानित

| | |
|---|---|
| बी. के. | |
| 2-4-6 | |
| 667-9 | 478-9 |
| राजधानी | |
| 2-5-8 | |
| 177-5 | 245-1 |

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# आदिवासी महिला जनप्रतिनिधि को न्याय दिलाने जिला कार्यालय के समक्ष समाज द्वारा किया गया उग्र प्रदर्शन

## 3 दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में गोंड समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होंगा - संभाग अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेताम

**सरपंच संघ के अध्यक्ष व भाजपा नेता कैलाश उके पर दंडात्मक कार्रवाई करें प्रशासन -जसवंत गावड़े**

**गुटीय राजनीति के चलते आदिवासी समाज के जिला पंचायत सदस्यों को आमसभा की जानकारी नहीं दी गई**

**मामला - भाजपा नेता कैलाश उके के जुल्म के खिलाफ,भाजपा नेत्री व जनपद सभापति सरिता ओमप्रकाश मांडवी को न्याय दिलाने का**



डोंगरगढ़(दावा)। आदिवासी समाज की महिला जनप्रतिनिधि, भाजपा नेत्री व जनपद सभापति सरिता ओमप्रकाश मांडवी पर जातिगत टिप्पणी करने वाले,भाजपा मंडल महामंत्री व सरपंच संघ के अध्यक्ष कैलाश उके पर दंडात्मक कार्रवाई करने को लेकर सोमवार को जिला प्रशासन के समक्ष आदिवासी समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया गया। संभाग स्तरीय प्रदर्शन में भाग लेने सामाजिक गणों को संभाग अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेताम द्वारा निर्देशित किया गया था। वही आदिवासी समाज के जनप्रतिनिधियों के मध्य सामाजिक गुटबाजी के चलते घटनाक्रम वाले क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्यों को आम सभा की जानकारी नहीं दी गई है।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए पत्र में कहा गया है कि, महिला प्रकोष्ठ की संभागीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता मांडवी जो कि बोर तलाव की निवर्तमान सरपंच है,वर्तमान में क्षेत्र की जनपद सदस्य व सभापति है। 28 अगस्त की ग्राम सभा में श्रीमती सरिता मांडवी के साथ भाजपा नेता कैलाश उके द्वारा गाली गलौज (जातिगत) सार्वजनिक रूप से किया गया है। निर्माण पूर्ण हो चुके कार्य की बकाया राशि व मानदेय राशि, सीईओ जनपद पंचायत के आदेश के बावजूद सरपंच कैलाश के द्वारा नहीं दिया जा रहा है।

जिसकी शिकायत पीड़िता श्रीमती मांडवी द्वारा 29 अगस्त 2025 को थाना प्रभारी अनुसूचित जनजाति थाना राजनांदगांव में दर्ज कराई गई थी। राजनीतिक दबाव के चलते पीड़िता द्वारा दिए गए आवेदन पर आज पर्यंत कार्रवाई नहीं की गई। एक आदिवासी महिला जो कि क्षेत्र और समाज का प्रतिनिधित्व कर रही है, के साथ इस प्रकार का गाली गलौज व अत्याचार संभाग स्तरीय गोंड समाज महासभा मोहला व सर्व आदिवासी समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। तीन दिन के अंदर में पुलिस प्रशासन के द्वारा उक्त व्यक्ति के ऊपर कारवाई नहीं की जाती है तो गौड़ समाज व सर्व आदिवासी समाज उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

**सरपंच संघ के अध्यक्ष व भाजपा नेता कैलाश उके पर दंडात्मक कार्रवाई करें प्रशासन -जसवंत गावड़े**

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जसवंत गावड़े के द्वारा पुलिस अधीक्षक को 12 सितंबर 2025 को दिए गए पत्र में कहा गया है कि बो 'तलाव के सरपंच कैलाश उके के द्वारा ग्राम सभा की बैठक में आदिवासी महिला को जातिगत काली गलौज किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कर उचित कार्रवाई किया जाए। इसके पूर्व 29 सितंबर 2025 को थाना प्रभारी अनुसूचित जाति जनजाति एट्रोसिटी एक्ट थाना राजनांदगांव को लिखित शिकायत की गई थी।

परंतु आज दिनांक तक कैलाश उके पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है करवाई की जाए।

**आमसभा से जिपं सदस्यों को दूर रखा**

सामाजिक स्तर पर गुटीय राजनीति के चलते बोर तलाव क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य व सभापति अनीता मंडावी एवं राका क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य व सभापति प्रशांत कोड़ापे को गोंड समाज द्वारा सोमवार को हुए संभाग स्तरीय आम सभा की जानकारी नहीं दी गई है। इतने बड़े घटनाक्रम की चर्चा पूरे क्षेत्र में हो रही है। किंतु दोनों ही जिला पंचायत सदस्यों को सामाजिक गणों ने इस मामले से दूर रखा है।जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**सीईओ के आदेश की अवहेलना सचिव पर कार्रवाई नहीं**

जिला संगठन के भाजपा नेताओं के दबाव के चलते सी ई ओ जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के आदेश की अवहेलना करने वाले ग्राम पंचायत सचिव/सरपंच पर कार्रवाई नहीं की जा रही। पीड़िता जनपद सभापति श्रीमती सरिता ओमप्रकाश मांडवी के पिछले सरपंची कार्यकाल का 6 लाख रुपए से अधिक बकाया होने तथा बकाया राशि के भुगतान का आदेश जनपद पंचायत सीईओ द्वारा दिए जाने के बावजूद ग्राम पंचायत सचिव/ सरपंच द्वारा उक्त आदेश की अवहेलना कर जिला प्रशासन को ठेंगा दिखाया जा रहा हैं। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# जनता के दुख पर राजनीति करने की आदी कांग्रेस-कोमल सिंह राजपूत



राजनांदगांव (दावा)। बजरंगपुर नवागांव की घटना पर राजनीति करने वाले कांग्रेस नेताओं पर भाजपा ने करारा हमला बोला है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस की आदत बन चुकी है कि हर संवेदनशील घटना को अपने राजनीतिक फायदे के लिए भुनाए। कांग्रेस नेता भागवत साहू का बयान उनकी हताशा और बौखलाहट को दर्शाता है। राजपूत ने कहा कि कांग्रेस बार.बार यह भूल जाती है कि जनता ने उसे सत्ता से बाहर क्यों किया था। भ्रष्टाचार कुशासन और परिवारवाद की राजनीति ने कांग्रेस को देश और प्रदेश की जनता के बीच बेनकाब कर दिया।

कांग्रेस शासनकाल में इतना भ्रष्टाचार फैला कि आज भी उनके समय के आईएएस और आईपीएस अधिकारी जेल की सलाखों के पीछे हैं। यहां तक कि उस समय के मुख्यमंत्री का पुत्र भी जेल की सजा काट रहा है और उनके मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में जेल में बंद हैं। यही कांग्रेस का असली चेहरा है। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस बार.बार यह साबित कर रही है कि उसके पास आज भी रचनात्मक राजनीति का कोई विज़न नहीं है। हर घटना को अवसर बनाकर जनता को गुमराह करना यही कांग्रेस का काम है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस सच में जनता के प्रति संवेदनशील होती तो अपने 55 वर्षों के शासनकाल में कानून व्यवस्था गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे हल कर चुकी होती। उन्होंने कहा कि अब जब भाजपा जनता की सेवा और विकास कार्यों में जुटी है तो कांग्रेस केवल झूठ और अफवाह फैलाकर अपनी राजनीतिक दुकानदारी चलाना चाहती है। जिनके नेताओं ने दशकों तक शासन में रहते हुए प्रदेश को अपराध नशाखोरी और भ्रष्टाचार की अंधेरी गलियों में धकेला आज वही भाजपा को कानून व्यवस्था का पाठ पढ़ाने निकले हैं। कांग्रेस के नेताओं को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। राजपूत ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को भाजपा पर उंगली उठाने से पहले यह याद रखना चाहिए कि उंगली की तीन धारियां उन्हीं की ओर होती हैं। जनता अब कांग्रेस की खोखली बयानबाजी में फंसने वाली नहीं है। भाजपा जनता की सुरक्षा सुशासन और विकास के लिए प्रतिबद्ध है और कांग्रेस जैसी विफल, अवसरवादी पार्टी का असली चेहरा उजागर करती रहेगी।

# बच्चों ने रघुपति राघव राजाराम गाकर अपनी शिक्षिका की वापसी की मांग



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगाव शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने शाला की शिक्षिक के अन्यत्र शिफ्ट कर दिए जाने से आंदोलित होकर रघुपति राघव राजा राम का गान करते हुए उक्त शिक्षिका को वापिस भेजने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। बच्चों द्वारा अपने प्रिय शिक्षिका को वापिस अपने उसी स्कूल में पाने के लिए की गई महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम वाले सत्याग्रह से लोग प्रभावित हुए बिना नहीं रहे। बताया जाता है कि डोंगरगांव इग्नाइट स्कूल में पदस्थ शिक्षिका डॉ. माधुरी एंथोनी की झूठी शिकायत पर संलंग्नीकरण छुरिया इग्नाइट स्कूल में कर दिया गया है। इससे डोंगरगाव स्कूल के बच्चों में खासी नाराजगी बनी हुई है और वे सभी कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर अपनी प्रिय शिक्षिका को पुनः डोंगरगांव इग्नाइट स्कूल में भेजे जाने की मांग कर रहे हैं। इससे लिए बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम गाकर कलेक्टर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इस दौरान उक्त स्कूल की अन्य शिक्षिकाए भी उपस्थित रहीं।

# घटना की समस्त जानकारियां उन्हें लगातार उपलब्ध कराई जाए, ताकि अपराधी को उचित दंड मिल सके - विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल

**मामला - मासूम बच्ची के साथ अधेड़ व्यक्ति द्वारा किए गए अनाचार का**



डोंगरगढ़(दावा)। कल 14 सितंबर को धर्मनगरी डोंगरगढ़ में एक दिल को दहला देने वाली घटना घटी इस दुर्दांत घटना की जानकारी जैसे ही विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल को मिली वह तुरंत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह के साथ घटनास्थल पर पहुंची। परिजनों द्वारा विधायक को बताया गया कि, कल लगभग 4.30 बजे के आसपास अबोध बालिका जिसकी उम्र लगभग 4 वर्ष है के साथ उन्हीं के निवास के आसपास रहने वाले एक व्यक्ति ने कुकृत्य करने का प्रयास किया। इसकी जानकारी जब बच्ची के माता-पिता को मिली तब उन्होंने मोहल्ले वासियों के साथ जाकर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही कर उस व्यक्ति को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

सोमवार को प्रातः जैसे ही घटना की जानकारी क्षेत्रीय विधायक को लगी वे तुरंत घटनास्थल में पहुंची और पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश दिया कि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति पुनः ना हो। साथ ही पीड़ित बच्ची के परिवार से मिली और उन्हें आश्वासन दिलाया कि उनके साथ पूर्ण न्याय होगा और बच्ची के स्वास्थ्य की जानकारी ली साथ ही घटनास्थल का भी विधायक ने निरीक्षण किया। मोहल्लेवासियों द्वारा शिकायत किया गया कि जिस घर में घटना घटी है, वहां पर आसपास अन्य मोहल्ले से और अन्य शहर से लोगों का आना-जाना उठना बैठना लगा रहता है। जिसे सुनकर विधायक ने तुरंत पुलिस को निर्देश दिया कि ऐसे असामाजिक तत्वों पर तुरंत कड़ी कार्रवाई की जाए और आसपास के मोहल्ले वासियों को भी विधायक ने कहा कि जब तक आप सभी एक होकर ऐसी घटनाओं के विरोध में खड़े नहीं होंगे तब तक अपराधियों के हौसले बुलंद होते रहेंगे इस प्रकार विधायक की जागरूकता देख मोहल्ले वासियों ने विधायक को आश्वासन दिलाया है कि ऐसे अपराधिक तत्वों को हम हावी होने नहीं देंगे और किसी प्रकार की अपराधिक घटना नजर आती है तो हम तुरंत पुलिस को सूचित करेंगे। विधायक ने पुलिस प्रशासन से कहा कि इस घटना के संबंध में समस्त जानकारियां उन्हें लगातार उपलब्ध कराई जाए ताकि अपराधी को उचित दंड मिल सके।

आवश्यकता है

प्रेस में रात्रिकालीन हेल्पर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।

-: संपर्क :-

दैनिक दावा कार्यालय

बल्देव बाग, राजनांदगांव

मो.- 93004-14726

# दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्री डॉ.डाकेश्वर वर्मा औषधी पादप बोर्ड के तकनीकी सलाहकार नियुक्त



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय औषधिय पादप बोर्ड, रायपुर में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. डाकेश्वर कुमार. वर्मा को बोर्ड का तकनीकी सलाहकार नियुक्त किया गया है जिसकी आधिकारिक पुष्टि पादप बोर्ड रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राव सर ने दी। डॉ.वर्मा औषधीय पौधों एवं प्राकृतिक औषध विज्ञान के क्षेत्र में लंबे समय से अनुसंधान एवं शिक्षण कार्य कर रहे हैं जिनके कारण उनको यहाँ महती जिम्मेदारी मिली है। उनके अनुभव एवं सलाह से बोर्ड को औषधीय पादपों के संरक्षण, संवर्धन, वैज्ञानिक उपयोग तथा जन-स्वास्थ्य में इनकी उपयोगिता बढ़ाने हेतु नई दिशा प्राप्त होगी। इसके साथ प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रो मे परंपरागत प्राकृतिक पद्धति से कई असाध्य रोगों का इलाज करने वाले वैद्य एवं आयुर्वेदाचार्यो के ज्ञान को वैज्ञानिक तरीके से साबित करने की जिम्मेदारी भी डॉ.वर्मा की होगी।

डॉ. वर्मा की नियुक्ति से प्रदेश में औषधीय पौधों पर आधारित अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक गति मिलेगी। उनके अनुभव से राज्य के कृषकों, वनवासी भाईयों एवं आयुर्वेदिक/ औषधी उद्योगों को लाभान्वित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जाएंगे। औषधी पादप बोर्ड के सीईओ श्री राव ने विश्वास है कि डॉ. डी.के. वर्मा की सक्रिय भूमिका से प्रदेश को 'प्राकृतिक औषधियों की राजधानी' बनाने के प्रयास और अधिक सशक्त होंगे।

इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य डॉ सुचित्रा गुप्ता, रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने डॉ वर्मा को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। इसी क्षेत्र मे काम करने के लिए डॉ.डाकेश्वर वर्मा को आई आई टी भिलाई के साथ डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी दिल्ली से 50 लाख की अनुसंधान राशि भी मिल चुकी है।

# प्राथमिक शाला पदगोंदी की जर्जर हालत, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित



मोहला (दावा)। ब्लॉक के ग्राम पदगोंदी स्थित प्राथमिक शाला की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। भवन की छत से लगातार पानी टपकने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। बताया जा रहा है कि इस भवन की अब तक तीन बार मरम्मत की जा चुकी है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है। मजबूरी में शाला स्टॉफ ने अपने निजी खर्च से छत पर त्रिपाल लगाकर बच्चों को सुरक्षित रखने की कोशिश की है। ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति का कहना है कि इस समस्या की जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। गांव के लोग और पालक वर्ग शासन-प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द नया भवन स्वीकृत कर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जाए।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जाएगा। अभियान अंतर्गत प्रत्येक आयु वर्ग की महिलाओं का विशेष रूप से स्वास्थ्य जांच एवं इलाज के साथ शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता कर परिवार एवं समाज में महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। अभियान के तहत गुणवत्तापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराया जाएगा। प्रभावित ढंग विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत महिलाओं में एनिमिया, हीमोग्लोबिन, बीपी, शुगर, सरवाईकल कैंसर, सिकल सेल जांच एवं परिवार नियोजन परामर्श तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जाएगी।

इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के सफल क्रियान्वयन के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. अल्पना लुनिया, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संदीप ताम्रकार एवं सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीईटीओ, सुपरवाइजर, मितानिन नोडल अधिकारी, ब्लॉक मितानिन समन्वयक एवं मितानिन उपस्थित थे। अभियान का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेविका महिला समूह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्राम की सक्रिय महिला, शैक्षणिक संस्थाओं, मितानिन बहनों एवं किशोरी बलिकाओं के सहयोग से क्रियान्वयन किया जाएगा।

# पर्यावरण कार्यशाला सनसिटी क्लब हाउस में पर्यावरण संरक्षण गतिविधि द्वारा संपन्न

**प्रतियोगिताओं में महिलाओं एवं बच्चों की भारी भीड़ में विशेष रुचि देखी गई**

**प्रेरणादायक पहल की सरहाना प्रतियोगिताओं का शुल्क किसी भी पेड़ पौधे का एक बीज**



राजनांदगांव (दावा)। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के एक दिवसीय पर्यावरण कार्यशाला आयोजित की गई पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला एनजीओ प्रमुख सौरभ खंडेलवाल एवं जिला सहसंयोजक सूरज गुप्ता व नगर एनजीओ प्रमुख विनय साहू ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के जिला संयोजक मयंक शर्मा के कुशल नेतृत्व में एवं शहर संयोजक निकुंज सिंघल की कर्तव्य परायणता लगन व नारी शक्ति प्रमुख मौसमी शर्मा की कार्य कुशलता व नगर संयोजक राजकुमार चौरसिया के अतिथियों द्वारा सहर्ष सराहना की गई कार्यक्रम स्थल को पेड़ पौधे की हरियाली से युक्त एवं ईकोब्रिक्स की बोतलों से सुंदर सजाया गया। प्रातः 10:30 बजे औषधि युक्त पौधे का पूजन करते हुए नगर कचरा प्रबंधन प्रमुख राकेश साहू द्वारा सुमधुर गीत की प्रस्तुति के साथ पर्यावरण कार्यशाला प्रारंभ हुई।

कार्यशाला का उद्देश्य जल जंगल जमीन पेड़ पानी पॉलिथीन, ईकोब्रिक्स पर पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामो पर रहा मुख्य अतिथि जल आयाम के मुख्य वक्ता अनुज नॉर्दर्न दुर्ग द्वारा अपने उद्बोधन से उपस्थित पर्यावरण प्रेमी जनों में एक नई क्रांति का संचार पर्यावरण सजगता के प्रति किया जल संचय के विषय में उन्होंने अनेक वृतांत बताएं और आगे कहा की वृक्षों के संरक्षण में सर्वप्रथम बलिदान देने वाली अमृता देवी के बलिदान को याद करते हुए उपस्थित जन भाव विभोर हो गए जैव विविधता पर कमला कॉलेज के प्राचार्य ओंकार लाल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है। प्रकृति के बिना मनुष्य जीवन की कल्पना असंभव है। उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पेड़ पौधों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के संरक्षक पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमने विभिन्न गांव में ग्रामीणजनों की सहभागिता से अनेक तालाबों का संरक्षण किया पर्यावरण प्रेम, एकता और संकल्प सिद्धि से पर्यावरण को सहेज कर उसकी सुंदरता को बढ़ावा देना होगा। वक्ताओं में पर्यावरण विभाग प्रमुख मनोहर लाल चंदेल ने कहा कि जल, जंगल, जमीन, पॉलिथीन पर आज एक दिवसीय विस्तृत कार्यशाला में आप सभी श्रोताओं की भूमिका पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विशेष अतिथि नगर के एस.एल.आर. केंद्र प्रमुख प्रेमा सोनकर दीदी ने अपनी स्वच्छता मित्र दीदियों की कचरा संग्रहण के प्रति सजगता और उनकी कर्तव्य परायणता को नमन करते हुए संस्कारधानी नगरवासियों से विशेष सहयोग का निवेदन किया। साथ ही प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत कैलाश धाम महिला शक्ति समिति, शांति नगर की दीदीयो के बर्तन बैंक के समूह को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान प्रतीक चिन्ह मोमेंटो भेंटकर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के आयोजकों द्वारा किया गया। संस्कारधानी नगर नरेंद्र कोटडिया, राकेश इंदूभूषण ठाकुर, हरीश गांधी, पंकज गुप्ता, संध्या सिंघल, किरण अग्रवाल, अंशिता सिंघल एवं नगर के अन्य गणमान्य नागरिक प्रेरणादायक पहल प्रतियोगिताओं का शुल्क किसी भी पेड़ पौधे का एक बीज देने को अतिथियों ने सराहनीय कहा। दोनों प्रतियोगिताओं में बहुतायात में प्रतिभागी सम्मिलित हुए। महिलाओं के लिए गमला सजाओ प्रतियोगिता वेस्ट से बेस्ट में प्रथम विजेता पिंकी महेश्वरी, द्वितीय अवनी बंसल, तृतीय मानस चौरसिया, बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता के प्रथम विजेता आरोही अग्रवाल, द्वितीय दीपल चौरसिया, तृतीय सुकृति बक्शी एवं सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र से पुरस्कार प्रदान किए हैं विशेष पर्यावरण प्रहरी मित्र सम्मान अंकिता यादव को प्रदान किया गया। पर्यावरण संबंधी मजेदार मौखिक प्रश्नोत्तरी में उपस्थित सैकड़ों पर्यावरण प्रेमियों को मौखिक प्रश्नोत्तरी में उपहार स्वरूप, विभिन्न आकर्षक उपहार प्रदान किए गए जिससे एक नई ऊर्जा का संचार हुआ पर्यावरण कार्यशाला कार्यक्रम की तैयारी में विशेष भूमिका सूरज गुप्ता जिला सहसंयोजक, नगर सहसंयोजक अनूप तिवारी, विनय साहू, सौरभ खंडेलवाल जिला एनजीओ प्रमुख, मनीष यादव शहर युवा प्रमुख ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई पर्यावरण संरक्षण कार्यशाला में विशेष सहयोगी सनसिटी परिवार एवं उपस्थित पर्यावरण मित्रों का आभार जिला संयोजक मयंक शर्मा एवं शहर संयोजक निकुंज सिंघल ने व्यक्त किया गया। अंत में उपस्थित पर्यावरण मित्र जनसमूह द्वारा पर्यावरण रक्षक मित्र बनकर पर्यावरण को बचाने का सामूहिक संकल्प के साथ पर्यावरण पर कार्यशाला सनसिटी में संपन्न हुआ।

# यादव समाज ने अपने सर्किल के 28 गांव में किया कारपेट दरी का वितरण



राजनांदगांव (दावा)। सिंगदई सर्किल कोसरिया यादव समाज द्वारा मासिक बैठक रविवार को सिंगदई भवन में आयोजित की गई। बैठक में सर्किल के अंदर आने वाले 28 गांव में कारपेट दरी वितरण करने का निर्णय लेकर अपने सर्किल के सभी 28 गांव में हर गांव को एक-एक दरी वितरण किया गया।

**आपातकालीन सहायता के लिए सामाजिक फंड**

यादव समाज के सर्किल अध्यक्ष विशारद यादव ने बताया,आपात स्थिति के दौरान लोगों की सहायता के लिए समाज में सामाजिक सहायता फंड भी बनाया गया है। जिसके माध्यम से समाज के शारीरिक रूप से कमजोर लोगों को कुछ आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता। समाज के उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने बताया कि सामाजिक कार्य में वर्तमान में जो सक्रिय है, अगर उनके साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना हो जाती हैं तो समाज उनके लिए सामाजिक फंड द्वारा सहायता की जाएगी इसके लिए सामाजिक फंड बनाया गया है।

इस अवसर पर समाज प्रमुख भगवान सिंह, यादव शिवलाल यादव, लालचंद यादव, लोरीक यादव, सचिव थनवार यादव, इंदल यादव, गीताराम धनु यादव, घसिया यादव व सभी समाज के सभी प्रमुख गण उपस्थित रहे।

## अनमोल दावा

**सुख और दुख में सम रहने वाला व्यक्ति ही आनंद में रहता है।**

## सम्पादकीय

# पटाखों पर प्रतिबंध: क्या दिवाली में पटाखें नहीं चलेंगे?

भारत में प्रदुषण की समस्या कम होने के बजाय बढ़ती ही जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली, नोएडा और हरियाणा की स्थिति बेहद खराब है। इनके अलावा, अन्य राज्यों जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है, वहां भी संतोषजनक स्थिति नहीं है। प्रदूषण के बढ़ने के अनेक कारण हैं। शहरों-गांवों में स्थित औद्योगिक साम्राज्य में नियमों की अनदेखी और संबंधित विभाग के अमले की लापरवाही या वसूली अभियान भी प्रदूषण को बढ़ाने में अपनी भूमिका अदा कर रहा है।

किन्तु, जब देश का बड़ा धार्मिक व सामाजिक त्यौहार दिवाली निकट आती है, तब उस पर नियंत्रण रखने की बात आती है, तब जनमानस पर स्वाभाविक रूप से इसकी असर होती है। सरकार या न्यायपालिका का निर्णय भी चर्चा में रहता है। सर्वोच्च न्यायालय ने तीन दिनों पहले पटाखों पर प्रतिबंध लगाने की बात की थी, उस बाबत सतत् व सख्त चर्चा शुरू हो गई है। लोगबाग उत्सवों से लेकर धार्मिक भावनाओं को आधार बनाकर चर्चा करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बी.आर. गवई ने कहा है कि दिल्ली और नोयडा के नागरिकों को अगर स्वच्छ व शुद्ध हवा मिलने का हक है तो अन्य राज्यों व शहरों के नागरिकों को क्यों नहीं? न्यायालय ने ऐसे निर्देश दिए हैं कि यदि पटाखों पर प्रतिबंध लगाना हो तो पूरे देश में लगाना चाहिए। प्रदूषण नियंत्रण की नीति पूरे देश के लिए एक सी होनी चाहिए। किसी राज्य या शहर तक यह सीमित नहीं रहनी चाहिए। निःसंदेह, न्यायमूर्ति की बात शत प्रतिशत सच है। इसके बावजुद, आम नागरिक इस बाबत अपना अभिमत व विचार साझा कर रहे हैं।

एक तो दिवाली देश भर में एक समान उत्साह के साथ मनायी जाती है। सनातनी परिवार दिवाली को संवत् के वर्ष में भी देखता है। वह सब आफतों दुःखों को भूलकर दिवाली और उससे जुड़े नूतन वर्ष को खुशियों से मनाते हैं। लोग एक दूसरे को इस महापर्व की बधाइयां, शुभकामनाओं का आदान-प्रदान करते हैं। इन भावनाओं में पटाखों का बड़ा योगदान रहता है। बच्चे-युवा अपनी खुशियों का इजहार पटाखों को फोड़कर करते हैं। दिवाली रौशनी-प्रकाश का भी पर्व है। जिसमें पटाखें एक खास माध्यम हैं।

देश में पटाखों का करोड़ो रूपयों का बाजार है। अनेक परिवार इसके उत्पादन, व्यापार से होनें वाली आय पर निभते हैं। अगर, पटाखें, फोड़ने में देश भर में प्रतिबंध लग जाएगा तो लाखों लोगों की रोजगारी का क्या होगा?

इसके बावजुद, प्रदुषण का प्रश्न अति महत्वपूर्ण है। इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती इसका एक उपाय यह है कि पटाखों के उत्पादन के लिए सख्त नियमों को बनाया जावे। वायु प्रदूषण न हो सके, ऐसे पटाखें बनाए जाएं। सख्त नियमों का भी कड़ाई से पालन होना चाहिए। औद्योगिक प्रदूषण वायुमंडल, जलस्त्रोत में सतत् होता है। केवल, दो चार दिनों के उत्सव से थोड़ा ही वातावरण प्रदूषित होता है। वैसे, न्यायपालिका का निर्णय ''सर्वजन हिताय'' को केन्द्र में रख दिया है। न्यायालयीन आदेश सर्वोपरि होता है। उसका आदेश पालनार्थ ही होता है। रही दिवाली पर्व की बात तो इसके मद्देनजर मध्यम मार्ग निकालना चाहिए।

# भारत की डिजिटल क्रांति, परिवर्तन का एक दशक और भावी योजना

**राव इंद्रजीत सिंह**




पिछले एक दशक में भारत में एक ऐसी डिजिटल क्रांति आई है जो असाधारण है। जो प्रक्रिया लक्षित प्रौद्योगिकीय अंतःक्षेपों की एक श्रृंखला के रूप में शुरू हुई थी वह अब एक व्यापक परिवर्तन के रूप में विकसित हो चुकी है, जो भारतीय जीवन के लगभग हर पहलू जैसे अर्थव्यवस्था, शासन, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, वाणिज्य और देश के कोने-कोने में बसे किसानों और छोटे उद्यमियों के जीवन को भी प्रभावित कर रही है।

यह यात्रा आकस्मिक नहीं थी। इसे भारत सरकार द्वारा ठोस नीति निर्धारण, अंतरमंत्रालयी सहयोग और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के माध्यम से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किया गया है। जब संबद्ध मंत्रालयों जैसे इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), वित्त मंत्रालय (एमओएफ), कृषि मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों ने बड़े पैमाने में ज़मीनी स्तर पर परियोजनाओं को पूरा किया, तो दूसरी ओर नीति आयोग ने अभिसरण को बढ़ावा देकर, विचारों को नेतृत्व देकर और स्केलेबल, नागरिक-प्रमुखता वाले नवाचारों की ओर प्रणाली को प्रेरित कर नीति इंजन का काम किया है। जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी की शुरुआत के साथ इसमें एक महत्वपूर्ण मोड़ आया है। लगभग 55 करोड़ बैंक खातों के खोलने के साथ-साथ, करोड़ों लोगों को जो पहले वित्तीय प्रणाली की पहुंच से बाहर थे, उन्हें अकस्मात बैंकिंग व्यवस्था और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण तक पहुंच प्राप्त हुई है।

ओडिशा के एक छोटे से गांव में पहली बार बिना बिचौलिए की सहायता से एक सिंगल मदर को कल्याणकारी लाभ सीधे उनके खाते में प्राप्त करने में सक्षम बनाया गया। उनकी कहानी भारत भर के करोड़ों लोगों की कहानी बन गई है। यह वृहद वित्तीय समावेशन आंदोलन वित्त मंत्रालय के समर्थन और आधार तथा मोबाइल पैठ की सक्षम सहायता से अगला कदम एक वित्तीय-प्रौद्योगिकी विस्फोट का आधार बना। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में विकसित एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) ने भारतीयों के लेन-देन के तरीके में क्रांति ला दी है। किसी मित्र को पैसे भेजने के एक अनूठे तरीके के रूप में शुरू किया गया यह तरीका शीघ्र ही छोटे व्यवसायों, सब्ज़ी विक्रेताओं और गिग वर्कर्स की जीवनरेखा बन गया। आज, भारत में प्रति माह 17 बिलियन से अधिक यूपीआई के माध्यम से लेनदेन होते हैं, और यहाँ तक कि सड़क किनारे के विक्रेता वाले भी एक साधारण क्यूआर कोड के ज़रिए डिजिटल भुगतान स्वीकार कर रहे हैं। इसी दौरान, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत भारत के डिजिटल अवसंरचना के मुख्य तंत्र को धीरे-धीरे और निरंतरता से तैयार किया जा रहा है। भारत नेट जैसी परियोजनाओं ने दो लाख से अधिक ग्राम पंचायतों तक ब्रॉडबैंड पहुँचाया है, जबकि इंडिया स्टैक ने कागज़-रहित, उपस्थिति-रहित और नकदी-रहित सेवाओं का ढाँचा तैयार किया। डिजी-लॉकर ने छात्रों को अपने प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में रखने और ई-हस्ताक्षर ने महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए दूरस्थ प्रमाणीकरण प्रदान किया। डिजी-यात्रा एक अग्रणी पहल है, जो चेहरे के पहचान की तकनीक का उपयोग करके निर्बाध, कागज़-रहित और संपर्क-रहित हवाई यात्रा को संभव बनाती है। यह त्वरित चेक-इन, बेहतर यात्री अनुभव और बेहतर हवाई अड्डे की क्षमता में सुधार सुनिश्चित करती है, साथ ही विकेंद्रीकृत पहचान प्रबंधन के माध्यम से डेटा गोपनीयता की सुरक्षा भी करती है।

यह भारतीय विमानन के भविष्य की तैयारी और यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मात्र ऐप ही नहीं हैं- ये एक डिजिटल गणराज्य की आधारशिला हैं। डिजिटल गवर्नेंस ने भी गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जेम) के शुभारंभ के साथ बड़ी उछाल लगाई है। सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए डिज़ाइन किए गए, जेम ने 1.6 लाख से अधिक सरकारी क्रेताओं को 22 लाख से अधिक विक्रेताओं से जोड़ा है, जिसमें महिला उद्यमियों और एमएसएमई की बढ़ती संख्या शामिल है। राजस्थान के एक छोटे हस्तशिल्प विक्रेता के लिए, इसका अभिप्राय सरकारी संविदाओं तक पहुंच प्रदान करना था जो पहले अकल्पनीय था। कृषि क्षेत्र, जिसे प्रायः परिवर्तन के प्रतिरोधी के रूप में देखा जाता है, ने भी डिजिटल साधनों को अपनाना शुरु कर दिया है। पीएम-किसान जैसे प्लेटफॉर्म ने यह सुनिश्चित किया कि आय सहायता किसानों तक सीधे पहुँचे। ई-नैम ने राज्यों की कृषि मंडियों को जोड़ा, जिससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिल सके। डिजिटल मृदा स्वास्थ्य कार्ड ने उन्हें यह समझने में मदद की कि उन्हें कौन सी फसलें उगानी चाहिए और अपनी भूमि में कौन से पोषक तत्वों का प्रयोग करना चाहिए। झारखंड के ग्रामीण-क्षेत्रों में, स्थानीय उद्यमियों द्वारा संचालित सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) उनके लिए एक प्रकार से डिजिटल जीवन रेखा बन गए, जो टेली-मेडिसिन से लेकर बैंकिंग और कौशल विकास कार्यक्रमों तक, हर चीज की पेशकश करते हैं। महामारी भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढाँचे के लिए एक कठिन परीक्षा थी जिसमें हम बखूबी सफल हुए। स्कूल बंद होने के बावजूद, दीक्षा और स्वयं जैसे प्लेटफॉर्मों ने यह सुनिश्चित किया कि पढ़ाई अनवरत चलती रहे। लद्दाख और केरल के छात्र भी भारत भर के शिक्षकों द्वारा तैयार की गई शिक्षण सामग्री का प्रयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने अपना आकार लिया, जिससे नागरिकों को एक डिजिटल आईडी के माध्यम से अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक पहुँच प्राप्त हुई और अस्पतालों एवं राज्यों में एक सहज वातावरण बन सका। वाणिज्य में भी एक शांत क्रांति देखी गई। डीपीआईआईटी की एक पहल, ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अब छोटी किराना दुकानों और हथकरघा बुनकरों को बड़ी ई-कामर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बना रही है। डिजिटल कॉमर्स के कार्यों को एकीकृत करके, ओएनडीसी प्रतिस्पर्धा के मैदान को समतल कर रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छोटे व्यवसाय आसानी से लॉजिस्टिक्स, भुगतान और ग्राहक प्रतिक्रिया प्रणालियों तक पहुँच सकें।

नीति आयोग की अभिसरण भूमिका–मंत्रालयों, राज्यों, स्टार्टअप्स और उद्योग जगत को एकजुट करना है, जो सुनिश्चित करता है कि डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएँ अंतर-संचालनीय, समावेशी और स्केलेबल हों। जैसे-जैसे भारत अपने 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, नए आयाम उभर रहे हैं। एआई-सक्षम शासन, विकेन्द्रीकृत वाणिज्य, और बहुभाषी, मोबाइल-प्रथम डिजिटल सेवाएँ जो देश के सबसे गरीब व्यक्ति तक पहुँच सकती हैं। लेकिन यह सिर्फ़ एक सरकारी सफलता से जुड़ी कहानी नहीं है। यह एक राष्ट्र की कहानी है, करोड़ों नागरिकों की कहानी है जिन्होंने बदलाव को अपनाया, उद्यमियों की कहानी है जो डिजिटल रेल पर आगे बढ़े, और स्थानीय लीडरों की कहानी है जिन्होंने सेवा वितरण की नई कल्पना की। भारत का डिजिटल दशक सिर्फ़ तकनीक का नहीं है, यह बदलाव का दशक भी है और यह कहानी का अभी प्रारंभिक चरण ही है।

## विचार सरिता

# पास पड़ोस में: 14 सितंबर रविवार होने से 13 को ही हिंदी दिवस मनाने का प्रस्ताव

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मोहल्ले के एक स्कूल में हिंदी दिवस मनाने का निर्णय हुआ। संयोग से इस बार हिंदी दिवस रविवार को है। इस बात की जानकारी मिलने पर शिक्षकों में से वे लोग ना-नुकुर करने लगे, जिन्होंने हिंदी दिवस कार्यक्रम के लिए अपनी सहमति दी थी।

एक शिक्षक ने कहा, 'चौदह को तो रविवार है। छुट्टी का दिन। इस दिन स्कूल क्यों आएँ?'

आयोजक ने जवाब दिया, 'हिंदी दिवस मनाने के लिए, और किसलिए?'

कार्यक्रम में शामिल होने से बचने वाले एक शिक्षक ने कहा, 'हिंदी तो हमारी राष्ट्रभाषा है। जन-जन की भाषा है। इसके लिए दिवस मनाने की क्या आवश्यकता है?'

आयोजक ने नाराजगी भरे अंदाज में कहा, ''तब तो आप भी इस धरती के बहुत बड़े ज्ञानी हैं। यह जीवन भी असार है। फिर आप अपना जन्मदिन मनाना भी छोड़ दीजिए।''

''तो क्या 14 सितंबर हिंदी का जन्मदिन है?'' उस व्यक्ति ने खिसियाते हुए कहा।

''जन्मदिन के लिए नहीं, संविधान सभा द्वारा 14 सितंबर को संघ की राजभाषा के रूप में हिंदी को स्वीकार करने के कारण इस विशेष दिन के स्मरण के लिए हिंदी दिवस मनाया जाता है।'' आयोजक ने कहा।

हिंदी दिवस के लिए रविवार को स्कूल आने के विरोधी एक और शिक्षक ने कहा,


''क्या यह काम 14 के बदले 13 को नहीं हो सकता? इस दिन वर्किंग है और केवल फोटो ही तो खिंचाना है।''

''यह आयोजन फोटो खिंचाने के लिए नहीं बल्कि हिंदी को बढ़ावा देने के लिए है बंधु।'' आयोजक ने कहा।

14 को ही हिंदी दिवस के पक्षधर एक और व्यक्ति ने कहा, ''आखिर 13 को हिंदी दिवस मनाकर हम विद्यार्थियों को क्या संदेश देंगे? क्या यह कि हिंदी दिवस 14 को है लेकिन छुट्टी का दिन होने के कारण आराम में खलल न पड़े, इसलिए एक दिन पहले मनाया जा रहा है?''

अब विरोधी निरुत्तर हो गए।

## कविता




### हिन्दी हमारी आत्मा की आवाज

हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा, यह देव नागरी लिपी है
14 सितंबर सन् 1949, हिन्दी को संविधान ने किया अंगीकृत
हिन्दी हमारी मातृभाषा, हमारी माता की आत्मा की आवाज है,
माता ने सिखलाया हमें स्वर-व्यंजन एक अक्षर
दो अक्षर का जोड़, तीन एंव चार अक्षर का जोड़,
हिन्दी हमारे कण, कण में, क्षण, क्षण में व्याप्त
हमारी भावनाओं के उद्गार है हिन्दी।
हमारे हृदय, हमारे मन, और प्रेम की आवाज है हिन्दी,
हमारे विचारों की अभिव्यक्ति की आवाज है हिन्दी,
हमारी माता, हमें पढ़ाती हैं, हिन्दी के गद्य एवं पद्य,
हमारे पिता, दादा और दादी देते हैं हिन्दी में संस्कार,
शाला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये, राष्ट्रीय पर्व के लिये
माता-पिता लिखते हैं, भाषण, गीत, कविता, नाटक
जिसे हिन्दी दिवस के दिन प्रस्तुत किया जाता है शाला में।
समाचार पत्र, कार्यालय का काम, डाकघर एवं बैक का कार्य
किये जाते है हिन्दी में,
हिन्दी बहुत ही सरल भाषा, तुरंत समझ में आने वाली भाषा है।
अनेकता में एकता की भाषा है हिन्दी,
सर्वधर्म समभाव की भाषा हिन्दी।
हिन्दी में काव्य के सौंदर्य हैं- रस, छंद और अलंकार
रस है-श्रृंगार, हास्य, करूण, वीर, रौद्र, भयानक, वीभत्स
स्थायी भाव, विभाव, इसमें हैं आलम्बन, उद्दीपन, अनुभाव, और
छंद आर्हादयति इति छंदः अथति प्रसन्नता- संचारी भाव।
प्रदान करता है वह छंद है।
निश्चित वर्णो या मात्राओं की विराम, विराम या गति
आदि से बंधी हुई शब्द योजना छंद है,
इसमें होते है ह्रस्व एवं दीर्घ वर्ण।
अलंकार-काव्य की शोभा बढ़ाने वाले अंग होते हैं
हिन्दी की शोभा बढ़ाते हैं अथलिंकार और
शब्दालंकार एक उदाहरण-पूत सपूत तो का धन
संचय पूत कपूत तो का धन संचय



**देवेन्द्र महोबे**
**94241229646, खैरागढ़**

## सामयिक चर्चा

### मोदी शिव भक्त, राहुल देश भक्त

बानी बोले - ''सुनिए, असम की सभा में
पीएम मोदी जी ने क्या कहा गजाधर!
उन्होंने हाल में सम्पन्न
आपरेशन सिन्दूर पर,
बात करते हुए कहा कि
मॉ कामाख्या के आशीर्वाद से
आपरेशन सिन्दूर में हमें,
जबर्दस्त सफलता मिली।
फिर आई उन्हें कांग्रेस की याद।
तो मोदी जी ने इसके साथ
कांग्रेस पर तीखे प्रहार किए
और अपने मन की बात को स्पष्ट कर दिए
कि आमतौर पर उन्हें
कितनी भी गालियाँ दें
वे भगवान शिव के भक्त हैं
सारा जहर निगल जाते हैं।
गजाधर! हमें अचानक
राहुल गांधी याद आते हैं।
इस पर क्या कहेंगे?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-बानी!
राहुल इस तरह अपने विचार व्यक्त करेंगे-
हम देश भक्त हैं।
हम मोदी जी को गालियॉ नहीं देते,
हम उन्हें संविधान की किताब दिखाते हैं!
और संविधान के अनुसार
देश चलाने की बात बताते हैं।''



**गिरीश बख्शी**

## व्यंग कविता

### ओजोन परत संरक्षण दिवस पर विशेष

### क्या करना इतनी दूर के ओजोन परत का

क्या करना इतनी दूर के ओजोन परत का
हमको तो बस आज मजा उठाना है
हाय रे गर्मी एसी बिना चैन ना आये
ना जी पाए फ्रीज के ठंडे पानी बिना
क्या करना सी एफ सी बढ़ता भी जाये तो
घर जरुरी मॉल जरुरी, जरुरी तो ये फैक्ट्री है
इस जंगल का क्या करना ये तो गैर जरुरी है
क्या करना इतनी दूर के ओजोन परत का
क्या होगा ये छाता हट भी जाये तो
ये पराबेगनी क्या बिगड़ लेगी
इस परत में छेद हो भी जाये तो
बस यूँ ही कैंसर से मर जाना होगा
हमारी त्वचा होंगी बिमारियों का घर
जीवन भी हो जायेगा दुभर
पृथ्वी भी हो जाएगी निर्जीव जैसे पड़ोसी
ग्रह हमारे है
अब चलो मजा उठाते है....................
अपने आने वाले भविष्य के लिए
तैयार हो जाते है।



**श्रीमती रेशमी साहू**
**राजनांदगाव**

## परोपकार



काठमांडू: पशुपतिनाथ मंदिर के बाहर कबूतरों को दाना डालता युवक।

## राशिफल

**मेष** — घर-परिवार में जिम्मेदाराना व्यवहार प्रशंसा का हकदार बनाएगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच रंग लायेगी। किसी नये कार्य में रुचि से उत्साहित होंगे। रविवार एवं सोमवार को आकस्मिक किसी सुखद समाचार से मन प्रसा होगा। काफी दिनों से अवरोधित महत्वपूर्ण कार्य हल होंगे।

**वृष राशि** — पुरानी सभी समस्याएं हल होंगी। व्यावसायिक व्यस्तता से निजी जरूरतों के प्रति समयाभाव आड़े आएगा। कुछ नई शंकाएं पुराने संबंधों में कटुता पैदा करेंगी। जीवन साथी के स्वास्थ के प्रति सतर्क रहें। संघर्ष के समय में भी कुछ अच्छे आसार नजर आएंगे। रविवार एवं मंगलवार को शासन-सत्ता में पकड़ मजबूत होगी।

**मिथुन** — किसी नये व्यवसाय के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। शासन-सत्ता के लोगों के लिए समय अनुकूल होगा। सोमवार एवं मंगलवार को महत्वाकांक्षाएं सकारात्मकता हेतु उद्वेलित करेंगी। परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिंतित होगा। मित्र के भेष में गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें। बुधवार एवं शनिवार को नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**कर्क** — कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलताएं मिलेंगी। राजकीय कर्मचारियों को नौकरी में कुछ परिवर्तित स्थितियां सुखद लगेंगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे। सोमवार एवं बुधवार को स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव। जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। परिवार में किसी श्रेष्ठजन की अस्वस्थता संभव।

**सिंह** — आर्थिक सुदृढ़ता हेतु मन नई योजनाओं पर केंद्रित होगा। नौकरी में अनवरत् श्रम से मन खिा होगा। रविवार एवं सोमवार को अच्छी अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। राजनीतिज्ञों की सक्रियता बढ़ेगी। शिक्षार्थियों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। बृहस्पतिवार एवं शुक्रवार को अपने व्यवहार से सगे-संबंधियों के बीच प्रगाढ़ता बढ़ाएंगे।

**कन्या** — कुछ आर्थिक कठिनाईयां मन को परेशान करेंगी। विषम स्थिति में संयम से काम लें। आकस्मिक किसी सुखद समाचार से मन प्रसा होगा। राजकीय कर्मचारियों के स्थान परिवर्तन का योग है। घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की व्यस्तता होगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में अर्थाभाव अवरोधक बनेगा।

**तुला** — कुछ महत्वपूर्ण अवरोधित कार्य पूर्ण होंगे। शिक्षार्थियों का मन अनवरत् परिश्रम के लिए केंद्रित होगा। यह समय जीवन में बड़े परिवर्तन का है। अविवाहितों के विवाह तय होने का समय कहा जाएगा। कार्यक्षेत्र में विरोधियों की सक्रियता से सावधान रहें। राजकीय कर्मचारियों के लिए नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर हो सकता है।

**वृश्चिक** — कोई धार्मिक आयोजन में व्यस्तता बढ़ेगी। लंबी दूरी की यात्रा संभव। आर्थिक क्षेत्र में बड़े परिवर्तन का समय है। आय के साधन सुलभ होंगे। अच्छी योजनाओं द्वारा सफलता मिलेगी। सोमवार एवं मंगलवार को आय-व्यय में संतुलन बनायें। बृहस्पतिवार एवं शनिवार को उच्च स्तरीय लोगों से निकटता का लाभ मिलेगा।

**धनु** — धनागम के नये स्रोत बनेंगे। आर्थिक क्षेत्र में नई योजनाओं के क्रियान्वित होने से प्रगति होगी। उच्च स्तरीय लोगों से निकटता प्रगति की ओर अग्रसर करेगी। रोजगार में बड़े परिवर्तन का समय है। आकस्मिक कोई यात्रा लाभप्रद हो सकती है। रविवार एवं सोमवार को किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु चिंतित होंगे।

**मकर** — घर-परिवार में मांगलिक आयोजन संभव।नये दायित्वों की वृद्धि से मन उनकी पूर्ति हेतु चिंतित होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में अर्थ व्यय संभव। सोमवार एवं मंगलवार को परिजनों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होंगे। शुक्रवार एवं शनिवार को महत्वपूर्ण स्थिति में बचकाना स्वभाव से कार्यक्षेत्र में छवि कुप्रभावित हो सकती है।

**कुंभ** — अच्छे विचार प्रतिभाओं को उजागर करने में सक्षम होंगे। राजनीतिज्ञों को अनुकूल वातावरण का लाभ मिलेगा। परिश्रम द्वारा महत्वपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करेंगे। बढ़ती जिम्मेदारियां पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। सोमवार एवं मंगलवार को प्रयासरत् क्षेत्रों में थोड़े अवरोधों का सामना करना पड़ेगा।

**मीन** — इस सप्ताह बीती बातों को भूलना ही श्रेष्ठकर होगा, क्योंकि इससे संबंध अच्छे बनेंगे। भौतिक सुख-साधनों की पूर्ति में अत्याधिक व्यय संभव। रविवार एवं सोमवार को किसी निकट संबंधी से भावनात्मक कष्ट की आशंका है। किसी महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। आकस्मिक कोई लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है।

## पहला कॉलम...

# सीताडबरी के होनहार बेटे भगवती साहू बने सब इंस्पेक्टर

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने दी बधाई



गंडई पंडरिया (दावा)। मेहनत और लगन से सपनों को साकार किया जा सकता है इसका जीता-जागता उदाहरण पेश किया है सीताडबरी निवासी भगवती साहू ने। छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर (एसआई) के पद पर चयनित होकर उन्होंने न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। भगवती की सफलता की खबर मिलते ही सीताडबरी समेत पूरे केसीजी जिले में हर्ष का माहौल है। सोशल मीडिया पर लोग उन्हें बधाई देते नहीं थक रहे है। भगवती साहू को बधाई देने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह स्वयं उनके निवास पर पहुँचे। उन्होंने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर उनका सम्मान किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर विक्रांत सिंह ने कहा क्षेत्र के युवाओं में असीम संभावनाएँ हैं, बस उन्हें सही दिशा की जरूरत है। मेहनत और लगन से कोई भी मंज़िल हासिल की जा सकती है।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भावेश कोचर, नवनीत जैन, अशोक पाल, दीना जंघेल, अजय जंघेल, कमलेश जंघेल, बलराम जंघेल सहित अनेक स्थानीय भाजपाई मौजूद रहे। सभी ने मिठाई खिलाकर भगवती का उत्साह बढ़ाया। विक्रांत सिंह ने कहा कि भगवती साहू जैसे होनहार युवा समाज के लिए आदर्श हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में और भी युवा इसी तरह बड़ी उपलब्धियाँ हासिल करेंगे। अपनी उपलब्धि पर भगवती साहू ने कहा यह सफलता मेरे माता-पिता, गुरुजनों और परिवार के आशीर्वाद के बिना संभव नहीं थी। ठान लिया जाए तो कोई भी सपना दूर नहीं होता।

## परिक्षेत्र साहू संघ के दोबारा अध्यक्ष बने दीनदयाल



डोंगरगांव (दावा)। कुमर्दा तहसील के आश्रित परिक्षेत्र साहू संघ कलड़बरी के समस्त ग्रामीण व पदाधिकारियो की उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्वाचन प्रक्रिया से पृथक निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाकर परिक्षेत्र अध्यक्ष हेतु दीनदयाल साहू को पुनः अध्यक्ष बनाया गया है। उनके पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को देखते हुए दोबारा अध्यक्ष पद हेतु मनोनीत किया गया है। साहू समाज कलड़बरी के इस इस कदम से चारो ओर हर्ष व्याप्त है। सामाजिक एकता व अखण्डता के लिये नवीन तहसील कुमर्दा के इस प्रयास की सभी प्रशंसा कर रहे है और अन्य मंडल के चुनाव के लिये अनुकरणीय बताया है।

## उत्कृष्ट कार्य हेतु शिक्षिका चमेली देवांगन सम्मानित



डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु छुरिया ब्लॉक के ग्राम जरहामहका प्राथमिक शाला की शिक्षिका को सम्मानित किया गया है। शिक्षिका चमेली देवांगन को शिक्षक दिवस के अवसर पर डोंगरगढ़ में आल्वा फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. सुनील महाकालकर रहे। वहीं अध्यक्षता हेमशंकर जेठमल चेयरमैन आल्वा फाउंडेशन तथा विशेष अतिथि के रूप में वाय.के. तिवारी प्राचार्य उपस्थित रहे। श्रीमती देवांगन को सम्मान प्राप्त होने पर शिक्षक साथी सहित परिजन व मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आज विशाल रक्तदान शिविर जैन भवन में

### रक्तविरों को हेलमेट देकर किया जाएगा सम्मानित

डोंगरगांव(दावा)। नगर के दिगंबर जैन भवन में आज 16 सितंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वाधान में किया जा रहा है। कार्यक्रम के सहसंयोजक नंदेश्वर गौशाला डोंगरगांव एवं हेलमेट संगवारी तथा विशेष सहयोग मंडल भाजपा डोंगरगांव सहित सकल जैन व प्रेस क्लब डोंगरगांव का सहयोग शिविर में होगा। कार्यक्रम में 130 बार रक्तदान कर चुके रक्त वीर फनेन्द्र जैन तथा क्षीरसागर जीव दया धर्म प्रभावना संघ डोंगरगांव का सानिध्य प्राप्त होगा। हेलमेट संगवारी के संयोजक धर्मेंद्र साहू ने बताया कि सभी रक्त वीरों को हेलमेट प्रदाय कर सम्मानित किया जाएगा।

## विधायक भोलाराम साहू ने चांदो में किया निर्माण कार्य एवं विकास कार्य का भूमिपूजन



जोंधरा (दावा)। 14 सितंबर 2025 को ग्राम पंचायत चांदो विकासखण्ड छुरिया के गायत्री आश्रम परिसर श्रीराम स्मृति उपवन में 10 लाख रूपये के भव्य सेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू शामिल होकर श्रीराम स्मृति उपवन में माँ गायत्री की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के लोगों के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की एवं सेड निर्माण का भूमिपूजन किया । भोलाराम साहू ने अतिथियों के आत्मीय स्वागत के लिए गायत्री आश्रम परिवार एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया । भोलाराम साहू ने उपस्थित सभी लोगों के साथ आश्रम परिसर का उपवन का भ्रमण किया तथा उन्होंने कहा कि ग्राम चांदो का प्राचीन धार्मिक संबंध होने पर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना है। यहा श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाएं विकसित की जा रही हैं. यह बहुत ही प्रशंसनीय है। कार्यक्रम के दौरान होरीलाल साहू मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया, अब्दूल खान अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुमरदा, प्रताप घावडे मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी उमरवाही, श्रीमती दुर्गा महानदिया मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी कुमरदा, शरद चन्द्राकर सेक्टर प्रभारी, जयप्रकाश, निलेश देवागंन, प्रदीप साहू, पुरन साहू, संदीप देंवागन, टोमनलाल साहू, रामप्रसाद यादव सरपंच प्रतिनिधि, सुरेश पटेल, अतुल वैष्णव, निलम, गिरधर आदि ग्रामवासी सहित गायत्री आश्रम सेवा संस्थान चांदो के गायत्री परिवारजन बडी संख्या में उपस्थित रहे।

# बिजली व्यवस्था सुधारने कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन



घुमका (दावा)। बिजली की विभिन्न समस्याओं की निराकरण को लेकर आज कांग्रेसियों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन स्थानीय चंडी चौक में डोंगरगढ़ विधायक श्रीमति हर्षिता स्वामी बघेल के मार्गदर्शन में व पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष नवाज खान की उपस्थिति में किया। राज्यपाल के नाम तहसीलदार मुकेश ठाकुर व जे.ई. आशीष कछ्वाहा को ज्ञापन सौपते हुए कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि वर्तमान में बिजली बिल की दरो में घरेलू उपभोक्ताओ के लिये 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट एवं गैर घरेलू उपभोक्ता के 25 पैसे प्रति यूनिट एवं कृषि विद्युत दर में 50 पैसे प्रति यूनिट की दर से बढ़ोत्तरी से किसानों एवं आम जनता की जेब में अतिरिक्त बोझ डालने के बावजूद वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा अघोषित रूप 24 घण्टे में कई बार बिजली कटौती कर किसानों एवं आम जनता को परेशान किया जा रहा है। इसका मुख्य कारण ट्रांसफार्मर की कमी के वजह से एक ही ट्रांसफार्मर में अधिक लोड देना हैं। जबकि सरकार चाहते तो बिजली बिल की दरों में बढ़ोत्तरी के बाद ट्रांसफार्मर की कमी को दूर किया जा सकता था, परन्तु ऐसा नही कर वर्तमान सरकार बिजली बिल की बढ़ोत्तररी कर अपनी जेब भर रही है।

तत्कालीन कांग्रेस की सरकार के द्वारा छ.ग के किसानों एवं आम जनता को राहत देने के लिए हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट तक खपत पर आधा बिल चुकाना पड़ता था, परन्तु वर्तमान सरकार के द्वारा किसानों एवं आम जनता को धोखा देकर हाफ बिजली बिल योजना के तहत 100 यूनिट पर आधा बिल 01 अगस्त 2026 से कर दिया गया है। जिससे आम जनता में आक्रोश है। वर्तमान में घुमका को तहसील एवं नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त होने के उपरांत भी घुमका बिजली ऑफिस को सोमनी स्थानांतरित कर घुमका क्षेत्र के 39 गांव के किसानों एवं आम जनता को भाजपा सरकार परेशान कर रही हैं। जिससे आमजनता एवं किसानों में आक्रोश एवं रोष व्याप्त है।

विधायक ने कहा घुमका बिजली ऑफिस को यथावत रखने एवं बिजली बिल की दर में हुये बढ़ोत्तरी को वापस करने एवं अघोषित बिजली कटौती बंद किया जाए। बिजली बिल बढ़ोत्तरी वापस नही होने पर भविष्य में आम जनता एवं किसानों के द्वारा चरणबद्ध तरीके से उग्र अंदोलन करने की चेवतानी दी गई। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन यादव, मण्डल अध्यक्ष खेमचंद पप्पू वर्मा, मिडिया प्रभारी पीयूष दुबे, जनपद सदस्य चन्द्रेश वर्मा, गीतालाल वर्मा, श्रीमति तुलसी साहू, पूर्व सरपंच फूलमती वर्मा, जयकुमार वर्मा, प्रह्लाद यादव, युवा नगर अध्यक्ष नवनीत चन्देल, गौरव शर्मा, दिनेश पुराणिक, कैलास शर्मा, छन्नू आडिल, राकेश वर्मा, दौलत देवांगन, दानी वर्मा, संतोष देवांगन, महेंद्र सिन्हा, राममुरत, महेश वर्मा, पुसउ वर्मा, जितेंद्र साहू, ओमकार वर्मा, ईश्वरी, तुलाराम, विजय कोसरे, नेमदास साहू, राजेश शानसहित 200 कार्यकर्ता व आमजन मौजूद रहे।

## अग्रसेन जयंती पर होगी बालक बालिकाओं एवं महिलाओं की प्रतियोगिताएं



डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में अग्रसेन जयंती पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व सचिव महेंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रतियोगिताओं का शुभारंभ 18 सितंबर गुरुवार को महाराजा अग्रसेन जी का पूजन अर्चनकर एवं दीप प्रजवलन के साथ होगा । इस अवसर पर चार दिनों तक विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी जिनमें बालकों की प्रतियोगिताओं में 18 सितंबर गुरुवार को लूडो किंग हस्ताक्षर प्रतियोगिता एवं तोल-मोल के बोल होंगे जो अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा कराया जाएगा। बालिका मंडल द्वारा ओपनिंग स्पेशल गेम व ऑन द स्पॉट गेम प्रतियोगिताएं होंगी।

दूसरे दिन 19 सितंबर शुक्रवार को चम्मच दौड़ स्लो साइकिल ग्रैंड हाउजी तंबोला एवं म्यूजिकल चेयर के साथ-साथ महिलाओं की 1 मिनट गेम और हाउजी प्रतियोगिता होगी। बालिकाओं द्वारा इस दिन ऑन द स्पॉट गेम प्रतियोगिता होगी। 20 सितंबर शनिवार को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं फैशन शो प्रतियोगिता नवयुवक मंडल द्वारा होगी महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में अग्रवाल महिला गाट टैलेंट प्रतियोगिता होगी बालिकाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे 21 सितंबर रविवार को डाईग कांम्पटीशन मटका फोड एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं होगी वहीं महिलाओं में बच्चों के लिए गेम एवं बालिकाओं में ऑन द स्पॉट गेम प्रतियोगिता होगी। 22 सितंबर सोमवार को महिलाओं द्वारा लड्डू गोपाल सजावट तथा बालिकाओं द्वारा छत्तर सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई है। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष पिंकी अग्रवाल एवं सचिव रितु किशन अग्रवाल तथा बालिका मंडल की आयुषी नरेडी और आयुषी अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतियोगिताएं होंगी 22 सितंबर सोमवार को भगवान अग्रसेन जी की शोभायात्रा शाम 4 बजे मारवाड़ी धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर भ्रमण करती हुई वापस मारवाड़ी धर्मशाला में सभा के रूप में परणित होगी। इस अवसर पर रायपुर के उद्योगपति अमित खेमका कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे समारोह की अध्यक्षता राजनांदगांव के प्रसिद्ध समाजसेवी संतोष अग्रवाल राधाकृष्ण एजेंसीज होंगे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी हरि बल्लभ अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को लेकर व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही थी सामाजिक लोगों से सभी कार्यक्रमों में आधिकाधिक संख्या में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील समाज के अध्यक्ष ने की है।

# एनएचएम कर्मचारियों की हड़ताल 29वें दिन भी जारी

### राज्यपाल से इच्छा मृत्यु की मांग



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल सोमवार को 29वें दिन भी जारी रही। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में बड़ी संख्या में जुटे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी।

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि सरकार लगातार उनकी मांगों को नजरअंदाज कर रही है, जिससे कर्मचारियों में गहरा आक्रोश है। प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे, 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति, निष्कासित कर्मचारियों की बहाली जैसी बातें शामिल हैं।

धरना स्थल पर जिला अध्यक्ष ने कहा हम 29 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन सरकार हमारी सुध नहीं ले रही। अब हमारी हालत इतनी बदतर हो गई है कि हमें इच्छा मृत्यु मांगने पर मजबूर होना पड़ा है। कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने जीवन भर स्वास्थ्य सेवाओं में योगदान दिया, लेकिन सरकार की उदासीनता ने उनके भविष्य को अंधकारमय बना दिया है। उन्होंने साफ किया कि जब तक मांगे पूरी नहीं होतीं, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

इधर, हड़ताल के चलते प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। अस्पतालों में इलाज प्रभावित होने से आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया, तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

## प्रेस क्लब डोंगरगढ़ ने किया श्री गणेश उत्सव समिति झांकियों का सम्मान



### प्रथम वीर क्लब, द्वितीय स्टार क्लब, तृतीय गरीबी रेखा समिति

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रेस क्लब डोंगरगढ़ द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने साथ ही धार्मिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण आदि क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। इसी क्रम में धर्मनगरी डोंगरगढ़ की धार्मिक त्योहार नगर में श्री गणेश उत्सव समितियां द्वारा झांकियां भ्रमण किया जाता है।जिसके सम्मान में प्रेस क्लब डोंगरगढ़ ने भी अपना मंच पुरस्कार के लिए बनाया जिसमें डोंगरगढ़ के श्री गणेश उत्सव समितिययों द्वारा निकाली गई 13 झांकियों में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं उत्कृष्ट सह सम्मान पुरस्कार वितरण नया रेस्ट हाउस डोंगरगढ़ में समस्त झांकी मंडलियों का सम्मान करने कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अध्यक्ष किशोर कुमार परमार की नेतृत्व में डोंगरगढ़ क्षेत्रवासियों के आस्था एवं धार्मिक मनोरंजन की मनोबल बढ़ाने धर्मनगरी डोंगरगढ़ में श्री गणेश विसर्जन झांकी प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कर बप्पा की टोलियों को और उत्साहित करने का प्रयास किया है।प्रेस क्लब डोंगरगढ़ की पुरस्कार मंच में प्रथम स्थान वीर क्लब गणेश उत्सव समिति शुक्रवारी पारा डोंगरगढ़ रहा, द्वितीय स्थान पर स्टार क्लब गणेश उत्सव समिति बुधवारी पारा डोंगरगढ़ वहीं तृतीय स्थान पर गरीबी रेखा गणेश उत्सव समिति डोंगरगढ़ ने अपना कब्जा जमाया प्रेस क्लब डोंगरगढ़ ने अन्य 10 गणेश उत्सव समिति को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ससम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़ एवं विशिष्ट अतिथि एम. भार्गव आईएएस अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़, विशेष अतिथि श्रीमती अचला ठाकुर समाजसेवी डोंगरगढ़, विजय राज सिंह चौहान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर डोंगरगढ़ रहे।

कार्यक्रम में प्रेस क्लब डोंगरगढ़ के अध्यक्ष किशोर कुमार परमार, सचिव अभिलाष देवांगन, कोषाध्यक्ष प्रणय अग्रवाल, उपाध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद साहू, संगठन सचिव निर्मल महोबिया, प्रेस क्लब डोंगरगढ़ के सदस्यगण नेमीष अग्रवाल, तिलक मांडवी, राजू मसकरे एवं संवाददाता सचिन जाम्बुलकर, समाजसेवी पूरन हिरौंदिया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## रास्ता भटकी 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला को 112 टीम ने सुरक्षित पहुंचाया घर



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर में 13 सितंबर की रात लगभग 10 बजे रायपुर स्थित डायल 112 कमांड सेंटर में एक इमरजेंसी सूचना प्राप्त हुई। यह सूचना केसीजी जिले के गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत नर्मदा और चकनार के बीच से संबंधित थी। जानकारी मिलते ही डायल 112 की टीम को तत्काल मौके पर रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद टीम ने कॉलर से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला रास्ता भटक गई हैं और उन्हें सुरक्षित उनके घर पहुंचाना आवश्यक है डायल 112 टीम ने तत्परता दिखाते हुए महिला को खोजा और उनसे नाम और पता पूछा। महिला ने अपना नाम रजवंती पटेल, पति धुरवाराम पटेल, निवासी वार्ड क्रमांक 10, पटेल पारा, गंडई बताया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बुजुर्ग महिला को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। समय रहते की गई इस मानवीय सहायता की स्थानीय नागरिकों ने भी सराहना की। इस कार्यवाही में आरक्षक क्रमांक 287 सुनील नेताम एवं चालक एन.साहू की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता प्रशंसनीय रही। उनकी सतर्कता और सेवा भावना के कारण ही एक बुजुर्ग महिला को रात के अंधेरे में सुरक्षित उनके घर पहुंचाया जा सका। ऐसी सेवाएं समाज में सुरक्षा, भरोसा और मानवीय संवेदना को बनाए रखने का कार्य कर रही हैं।

## आज अवैध शराब एवं नशे के बढ़ते कारोबार के विरोध में आबकारी कार्यालय का घेराव एवं विरोध प्रदर्शन



डोंगरगढ़ (दावा)। ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय राज सिंह चौहान ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि,डोंगरगढ़ में बढ़ती हुई अवैध शराब की बिक्री, नशे का कारोबार, नकबजनी और चाकूबाजी जैसी घटनाएं जिसका मुख्य कारण डोंगरगढ़ शहर और आसपास ग्रामीण में आसानी से उपलब्ध अवैध शराब है। जिसके लिए मौखिक रूप से कई बार आबकारी अधिकारी को अवगत कराया गया है। परंतु उसके बाद भी आबकारी अधिकारी के प्रश्रय में लगातार अवैध शराब की बिक्री डोंगरगढ़ शहर और आसपास ग्रामीण में हावी हो गई है।इसके विरोध में कल दिनांक 16 सितंबर को प्रातः 11 बजे गोल बाजार स्थित आबकारी कार्यालय में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल एवं नवाज़ खान की उपस्थिति में घेराव एवं विरोध प्रदर्शन करेंगी। सभी कांग्रेसजन (समस्त प्रकोष्ठ) से विनम्र अनुरोध करते हुए कहा गया है कि यह मुद्दा पूरे शहर के लिए है और अवैध शराब पूरे शहर के हर गली और मोहल्ले को नुकसान पहुंचा रहा है, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस विरोध प्रदर्शन में अवैध शराब की बिक्री को बंद करवाने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

## कृषि अधिकारियों की माँगों पर अडिग संघ, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने एक बार फिर लंबित माँगों को लेकर सरकार को चेतावनी दी है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि 8 व 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादित किया गया था, किंतु माँगों पर अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नाराज़ होकर आज से सभी अधिकारी बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य निष्पादित नहीं करेंगे।

इस संदर्भ में संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि माँगें पूरी करना न केवल कर्मचारियों के हित में है, बल्कि प्रत्यक्ष रूप से किसानों के हित से भी जुड़ा हुआ है। कृषि विभाग की इस हलचल से जिले में कृषि कार्यों पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

# सड़क पर रास्ते रोक रहे गाय और कुत्ते की झुंड



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर के सड़कों पर आवारा कुत्तों और छुट्टा मवेशियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। लोग सड़कों पर चलने में असहज महसूस कर रहे हैं और कई बार कुत्तों के हमलों का शिकार हो रहे हैं। छुट्टा मवेशियों के कारण नगर के रोड में आवारा कुत्तों व छुट्टा मवेशियों का आतंक दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। खासकर शाम के समय लोग चलने-फिरने में असहज महसूस कर रहे हैं। आवारा कुत्ते न केवल राहगीरों पर हमला कर रहे हैं, बल्कि कई जगह छोटे बच्चों व बुजुर्गो को भी कुत्तों से परेशानी हो रही है। वहीं, छुट्टा मवेशी सड़कों पर खुला घूमते हुए वाहन चालकों के लिए खतरा बन गए हैं। नगर के सब्जी बाजार, सड़कों से लेकर स्टेट हाईवे तक मवेशियों का जमावड़ा लोगों की जान का खतरा बन गया है। जिसके चलते सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है, इसके बाद भी नगरीय प्रशासन की ओर से स्थायी समाधान की कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही। नगर के नागरिकों और वाहन चालकों ने इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने की मांग की है। नगर के भीतर सब्जी बाजार में ही नहीं, बल्कि शहर से गुजरने वाली राजमार्ग और अन्य मुख्य सड़कों पर और पुलों पर भी मवेशियों व कुत्ते की भीड़ आम नजारा बन गई है। राहगीरों को हर वक्त इन मवेशियों से टकराकर बड़े हादसे का खतरा बना रहता है। कई बार हादसे हो भी चुके हैं जिनमें न केवल जानवर घायल हुए हैं बल्कि वाहन चालक भी घायल हो जाते हैं।

### बार-बार कराए गए मुनादी और अभियान का नहीं दिखता असर

नगरीय प्रशासन द्वारा बार-बार मुनादी कर मवेशी मालिकों को चेतावनी दिया गया और समय-समय पर आवारा पशुओं को हटाने के लिए जरूर अभियान चलाया जाता है, लेकिन उसका असर स्थायी नहीं दिखता। निकाय द्वारा सड़कों और बाजार से मवेशियों को हटाने के लिए कर्मचारी भी रखे गए थे। पर उनके द्वारा मवेशियों को एक सड़क से हटा कर दूसरे सड़क में छोड़ते थे, फिर स्थिति जस की तस हो जाती है। नतीजतन, लोगों को रोजाना ट्रैफिक जाम, दुर्घटना और असहज स्थितियों का सामना करना पड़ता है।

### रात में हादसों का खतरा ज्यादा, प्रशासन दे ध्यान

राजनांदगांव रोड में शाम को टहलने वाले नगर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने बताया कि कई बार अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते जिससे खतरा और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि कई बार वे दुर्घटना से बाल-बाल बचे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर बैठे मवेशियों को हटाने की ठोस व्यवस्था होनी चाहिए। नगर में मवेशियों की यह गंभीर समस्या केवल आम समस्या नहीं रह गया है, बल्कि यह अब जनसुरक्षा से जुड़ा बड़ा विषय बन गया है। लोगों में अब चर्चा का विषय बना हुआ है कि शासन-प्रशासन को एक स्थायी और व्यावहारिक योजना बनाकर लागू करनी होगी, जिससे इंसान और पशु दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## कुलपति प्रो. (डॉ) लवली शर्मा ने विद्यार्थियों को सिखाई सितार वादन की कला



खैरागढ़ (दावा)। इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में अध्ययनरत तंत्री वाद्य विभाग के विद्यार्थियों को कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने स्वयं कक्षा में पहुंचकर उन्हें सितार वादन की कला सिखाई। कुलपति एक प्रसिद्ध सितार वादिका हैं और वे उन चुनिंदा कुलपतियों में हैं। जिनकी संख्या देश में बहुत ही कम है। प्रशासनिक कार्यों में 10 से 12 घंटा समय देने के बाद भी आप शैक्षणिक कार्यों में भी सहृदयता से अपनी प्रतिभागिता निभाती हैं। आपसे शिक्षा ग्रहण करने हेतु विद्यार्थी भी इच्छुक रहते हैं और जिज्ञासा के साथ आपकी कक्षा में शिक्षा लेने पहुंचते है। आप क्रियात्मक पक्ष को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए सितार, सरोद एवं वायलिन के बच्चों को नई-नई बंदिशों की जानकारी भी देती हैं। सभी विद्यार्थियों के प्रति सामान भाव रखते हुए आप उन्हें बेहतर शिक्षा देती हैं। आपके इस नेक पहल से विश्वविद्यालय का वातावरण सुदृढ़ हो रहा है, वहीं शिक्षा की गुणवत्ता में भी सुधार आ रहा है।। अध्यापन के दौरान आप न केवल विद्यार्थियों को बल्कि तन्त्री वाद्य विभाग के शिक्षकों को भी सम्मिलित करती हैं, ताकि वे भी नई जानकारी अर्जित कर सकें और बच्चों को भी इसकी शिक्षा दे सके। इसके अलावा विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने आपके द्वारा समय-समय पर शिक्षकों की बैठक भी ली जा रही है।

# पहला कॉलम...

## बलूचिस्तान के मंड में आईईडी ब्लास्ट, 5 जवानों की मौत

नई दिल्ली । बलूचिस्तान के मंड में एक आईईडी विस्फोट का मामला सामने आया है. इस घटना में पाकिस्तानी सेना के 5 जवानों के मारे जाने की जानकारी मिल रही है. यह धमाका मंड के शंड इलाके में एक वाहन को निशाना बनाकर किया गया है.

हमले में मारे गए सैनिकों की पहचान कैप्टन वकार काकर, नायक जुनैद, नायक इस्मत, लांस नायक खान मुहम्मद और सिपाही जहूर के रूप में हुई है. आईईडी विस्फोट ने पाकिस्तानी सेना के एक वाहन को निशाना बनाया. इस हमले में कुल 5 जवान मारे गए हैं. इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. इससे पहले मई में बलूचिस्तान में एक वाहन पर आईईडी की चपेट में आने से बारह पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए थे. इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान की आज़ादी के लिए लड़ रहे अलगाववादी समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली थी.

इस धमाके में सेना के एक वाहन में सवार 12 सैनिक मारे गए, जिनमें स्पेशल कैंपेन कमांडर तारिक इमरान और सूबेदार उमर फारूक भी शामिल थे. विस्फोट में वाहन भी पूरी तरह खत्म हो गया था. सेना ने कहा था कि इलाके में मौजूद किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है.

## यूपीआई पेमेंट लिमिट बढ़ी, रोजाना 10 लाख रुपये तक ट्रांजेक्शन संभव

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने यूपीआई के जरिए बड़े लेन-देन करने वालों को बड़ी राहत दी है। आज यानी 15 सितंबर 2025 से यूपीआई की नई लिमिट लागू हो गई है। इसके तहत अब इंश्योरेंस, कैपिटल मार्केट, लोन ईएमआई और ट्रैवल जैसी कैटेगरी में एक दिन में 10 लाख रुपये तक का लेनदेन किया जा सकेगा। एनपीसीआई ने बताया कि नई लिमिट केवल पर्सन-टू-मर्चेंट भुगतान पर लागू होगी। इसका मतलब है कि वेरिफाइड कारोबारियों और संस्थाओं को पेमेंट करते समय यूजर्स अब ज्यादा रकम ट्रांसफर कर पाएंगे। कुछ कैटेगरी में लिमिट 5 लाख रुपये और कुछ कैटेगरी में 10 लाख रुपये तय की गई है। एनपीसीआई ने अपने 24 अगस्त के सर्कुलर में कहा था कि यूपीआई अब देश का सबसे पसंदीदा डिजिटल पेमेंट मोड बन चुका है। हाई वैल्यू पेमेंट्स की बढ़ती डिमांड को देखते हुए यह बदलाव किया गया है। टैक्स भुगतान से जुड़ी कैटेगरी के तहत 5 लाख रुपये तक की नई लिमिट लागू होगी। ध्यान देने वाली बात यह है कि पर्सन-टू-पर्सन यानी एक व्यक्ति से दूसरे को पैसे भेजने की लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह पहले की तरह ही एक लाख रुपये प्रतिदिन बनी रहेगी।

## नताशा के बाद जैस्मिन वालिया से भी हार्दिक पांड्या ने किया मूव ऑन

नई दिल्ली। हार्दिक पांड्या हमेशा ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बने रहे हैं। अब एक बार फिर उनकी लव लाइफ सुर्खियों में आ गई है। नताशा से तलाक और जैस्मिन वालिया से अलगाव के बाद उनकी जिंदगी में फिर से बहार आ गई है। इस बार उनका नाम किससे साथ जुड़ रहा है, जानें। हार्दिक पांड्या अपनी लव लाइफ को लेकर छाए रहते हैं। उनके खेल से ज्यादा उनके अफेयर्स की चर्चा रहती हैं। अब हार्दिक पांड्या की नई गर्लफ्रेंड को लेकर फिर से चर्चाएं तेज हो गई हैं। भारतीय क्रिकेटर हार्दिक ने हाल ही में अपनी पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलगाव की घोषणा की थी, अब मॉडल से अभिनेत्री बनी माहिका शर्मा से उनका नाम जोड़ा जा रहा है। इस बीच ये अटकलें तेज हो गई हैं कि हार्दिक फिर डेट करने लगे हैं। यह खबर सबसे पहले रेडिट पर एक वीडियो के चलते फैलनी शुरू हुई और जल्दी ही इंस्टाग्राम तक पहुंच गई, जिससे फैंस में उनकी निजी जिंदगी को लेकर काफी उत्सुकता पैदा हो गई है। अब आखिर ये हसीना कौन हैं, जिसके साथ हार्दिक पांड्या का नाम जोड़ा जा रहा है, जानें। हार्दिक और नताशा ने 2020 में शादी की थी, लेकिन इस साल की शुरुआत में उन्होंने अलग होने का फैसला किया। दोनों ने अपने अलगाव को सौहार्दपूर्ण बताया था और यह भी कहा था कि उनका बेटा अगस्त्य उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेगा।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स 119 और निफ्टी 45 अंकों की आई गिरावट

नई दिल्ली। पिछले हफ्ते शानदार प्रदर्शन करने के बाद आज घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सोमवार को हफ्ते के पहले दिन आईटी और ऑटो स्टॉक्स में गिरावट देखने को मिली। आज बीएसई सेंसेक्स 118.96 अंकों (0.15त्न) की गिरावट के साथ 81,785.74 अंकों पर बंद हुआ। इसी तरह, एनएसई का निफ्टी 50 इंडेक्स भी आज 44.80 अंकों (0.18त्न) के नुकसान के साथ 25,069.20 अंकों पर बंद हुआ। बताते चलें कि पिछले हफ्ते सेंसेक्स में 1,193.94 अंक या 1.47 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। वहीं, एनएसई का निफ्टी 50 भी 373 अंक या 1.50 प्रतिशत के प्रॉफिट में रहा था। सोमवार को सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 10 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 20 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ लाल निशान में बंद हुए।

# हॉन्गकॉन्ग का सफर समाप्त, श्रीलंका चार विकेट से जीता; हसरंगा ने 18वें ओवर में पलटा मैच

दुबई। हॉन्गकॉन्ग पर चार विकेट से जीत के साथ श्रीलंका की टीम ने सोमवार को एशिया कप 2025 के सुपर-4 चरण के लिए क्वालिफाई कर लिया। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हॉन्गकॉन्ग ने निजाकत खान और अंशुमान रथ की अर्धशतकीय साझेदारी के दम पर 20 ओवर में चार विकेट पर 149 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने पथुम निसंका की तूफानी 68 रनों की पारी की बदौलत 18.5 ओवर में छह विकेट पर 153 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस शिकस्त के साथ हॉन्गकॉन्ग का सफर मौजूदा टूर्नामेंट में समाप्त हो गया। श्रीलंका से पहले उन्हें बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने क्रमश- सात विकेट (11 सितंबर) और 94 रन (9 सितंबर) को हराया था। ग्रुप बी की अंक तालिका में यासिम मुर्तजा के नेतृत्व वाली टीम खाता भी नहीं खोल पाई और -2.151 के नेट रन रेट के साथ बाहर हो गई। वहीं, श्रीलंका लगातार दो मैचों में जीत के साथ चार अंक और +1.546 के नेट रन रेट के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। अब टीम का सामना 18 सितंबर



को अफगानिस्तान से होगा।

अनुभवी निजाकत खान (नाबाद 52 रन) के दमदार अर्धशतक और अंशुमान रथ के साथ उनकी समझदारी भरी 61 रन की साझेदारी की बदौलत हॉन्गकॉन्ग ने 149 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद हॉन्गकॉन्ग की पारी की सबसे खास बात निजाकत (38 गेंद) और रथ (48 रन, 46 गेंद) के बीच तीसरे विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी रही। निजाकत एशिया कप के टी20 चरण में अर्धशतक बनाने वाले हॉन्गकॉन्ग के दूसरे बल्लेबाज बने। यह जोड़ी श्रीलंका के अनुभवी गेंदबाजों के दबाव में नहीं आई और उन्होंने मैदान के चारों ओर कुछ सटीक शॉट खेले। रथ ने मैदान के दोनों ओर शॉट लगाए और स्पिनर चरिथ असालंका की गेंद पर उनका इनसाइड आउट कवर ड्राइव देखने लायक था। दूसरी ओर निजाकत ने विकेट के सामने 'वी' को प्राथमिकता दी और लेग स्पिनर वानिंदु हसारंगा पर दो चौके और लांग ऑन पर एक छक्का जमाया। उन्हें किस्मत का भी साथ मिला क्योंकि 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने उनका कैच टपका दिया तब वह 33 रन पर थे। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर शॉर्ट थर्ड मैन पर फील्डर ने एक बेहतरीन कैच लपका लेकिन इस बार तुषारा ने नोबॉल करके हॉन्गकॉन्ग के बल्लेबाज को जीवनदान दिया। हालांकि रथ जल्द ही तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा (29 रन देकर दो विकेट) की गेंद पर डीप में कामिंदु मेंडिस को एक आसान कैच दे बैठे। लेकिन अपेक्षाकृत नीरस अंत के बावजूद हॉन्गकॉन्ग ने पहले चार ओवरों में जीशान अली (23 रन, 17 गेंद) की तेज बल्लेबाजी की बदौलत 38 रन बनाकर लय हासिल कर ली। लेकिन चमीरा ने उन्हें कुसल मेंडिस के हाथों कैच कराकर रन गति रोकी और हसरंगा ने जल्द ही बाबर हयात को आउट कर दिया। हालांकि निजाकत और रथ ने हॉन्गकॉन्ग को 150 रन के आसपास के स्कोर की दौड़ में बनाए रखा।

# आज भी फाइल कर सकेंगे आयकर रिटर्न, सीबीडीटी ने बढ़ाया एक दिन का समय

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए एक और दिन की मोहलत दी है। देर रात जारी सूचना के मुताबिक रिटर्न आज भी फाइल किया जा सकता है। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने को लेकर वित्त मंत्रालय ने जो सूचना जारी की है, इसके मुताबिक 16 सितंबर की रात 12 बजे तक आईटीआर फाइल किया जा सकेगा।

### ऑनलाइन पोर्टल में परेशानियों की खबर

बता दें कि 15 सितंबर तक आयकर विभाग के अनुसार करीब सात करोड़ से अधिक आईटीआर दाखिल हुए। दरअसल, रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने के चलते अंतिम दिन ई-फाइलिंग पोर्टल पर यूजर्स को भारी ट्रैफिक का सामना करना पड़ा। माना जा रहा है कि इसी कारण से सीबीडीटी ने आयकर दाताओं को रिटर्न दाखिल करने के लिए एक और दिन की मोहलत दी है।

### रिटर्न दाखिल करने में देरी पर जुर्माने का प्रावधान

इससे पहले आयकर विभाग ने बताया था कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। सीबीडीटी ने 31 जुलाई की तारीख को बढ़ाकर 15 सितंबर किया था। ऐसे में अगर आपने अब तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है, तो आज यह काम जरूर कर लें, अन्यथा जुर्माना लग सकता है। रिटर्न दाखिल करने के लिए आप अपनी कमाई और पेशे के हिसाब से आईटीआर फॉर्म का चयन कर सकते हैं। आयकर कानून की धारा 44एडीए में कुछ खास पेशों के लिए कराधान का प्रावधान है, जहां सकल प्राप्तियों की 50 फीसदी हिस्सेदारी आपकी आय मानी जाती है। यह सिर्फ व्यक्तियों और साझेदारी फर्मों के लिए है। 44एडीए की तरह धारा 44एडी में भी व्यवसाय में लगे लोगों के लिए प्रावधान है, जिसमें टर्नओवर के 8 फीसदी को आय माना जाता है।

# एशिया कप के बीच आईसीसी का बड़ा ऐलान, मोहम्मद सिराज को खास अवॉर्ड से नवाजा



नई दिल्ली। एशिया कप 2025 के बीच भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। मोहम्मद सिराज ने अपनी दमदार गेंदबाजी के दम पर ICC प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड खिताब जीत लिया है। सिराज फिलहाल एशिया कप 2025 में टीम का हिस्सा नहीं हैं। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट में उनके यादगार प्रदर्शन ने उन्हें अगस्त महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ का यह सम्मान दिलाया है। सिराज ने न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स को पछाड़ते हुए ये अवॉर्ड जीता।

सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के निर्णायक पांचवें मुकाबले में आखिरी दिन शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को 6 रन से रोमांचक जीत दिलाई थी। उन्होंने पूरे मैच में 9 विकेट चटकाए, जिसमें पहली पारी में 4 विकेट और दूसरी पारी में 5 विकेट शामिल रहे। उनकी गेंदबाजी से भारतीय टीम सीरीज 2-2 से बराबर करते हुए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी अपने पास रखने में सफल रही।

एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज बेहद यादगार रही और यह उनके करियर की सबसे मुश्किल प्रतियोगिताओं में से एक थी। उन्हें गर्व है कि वह अहम मौकों पर टीम के लिए योगदान दे सके।

# क्रिकेट पिच पर किरकिरी से तिलमिलाया पाकिस्तान, भारत के हाथ न मिलाने को लेकर आईसीसी के सामने रोया रोना



दुबई । एशिया कप 2025 में भारत से करारी हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का रोना धोना चालू हो गया है। भारत से मैदान पर एक बार फिर किरकिरी करवाने के बाद पीसीबी ने एशियन क्रिकेट काउंसिल में शिकायत दर्ज कराई है। पीसीबी का कहना है कि भारतीय खिलाड़ियों ने हाथ न मिलाकर खेल भावना के खिलाफ काम किया। दरअसल, भारत ने न तो टॉस के दौरान और न ही मैच जीतने के बाद पाकिस्तान खिलाड़ियों से हाथ मिलाया। भारतीय खिलाड़ियों ने न ही पाकिस्तानी खिलाड़ियों से बातचीत की और मैच जीतने के बाद सीधे ड्रेसिंग रूम में लौट गए। इसे सांकेतिक बहिष्कार कहा जा रहा है।

क्काष्ठक्क ने अपने बयान में कहा, %टीम मैनेजर नवीन चीमा ने भारतीय खिलाड़ियों के हाथ न मिलाने के व्यवहार पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इसे खेल की भावना के खिलाफ और असंयमी करार दिया गया। विरोध स्वरूप हमने अपने कप्तान को पोस्ट-मैच सेरेमनी में नहीं भेजा।%

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा कि यह फैसला टीम का सामूहिक निर्णय था और इसका उद्देश्य पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति समर्थन दिखाना था। उन्होंने कहा, %हम यहां सिर्फ खेलने आए थे। हमने पाकिस्तान को सही जवाब दिया। कुछ चीजें खेल भावना से भी ऊपर होती हैं। यह जीत हम अपने वीर जवानों और %ऑपरेशन सिंदूर% को समर्पित करते हैं।% मैच के बाद जब पाकिस्तान खिलाड़ी भारतीय ड्रेसिंग रूम के बाहर खड़े थे, तो टीम इंडिया का स्टाफ अंदर चला गया और दरवाजा बंद कर दिया। यह नजारा कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह कदम भारतीय टीम की साफ पॉलिसी और स्टैंड का प्रतीक माना जा रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पूरा आइडिया हेड कोच गौतम गंभीर का था। गंभीर ने मैच से पहले खिलाड़ियों से कहा था, सोशल मीडिया छोड़ो, बाहर का शोर मत सुनो। तुम्हारा काम सिर्फ भारत के लिए खेलना है। पहलगाम मत भूलो। हाथ मत मिलाना, बात मत करना, बस मैदान में खेलो और भारत के लिए जीतकर आओ।

भारत ने पाकिस्तान को खेल के हर विभाग में पछाड़ा। पहले गेंदबाजों ने पाक को सिर्फ 127 रन पर रोका, फिर बल्लेबाजों ने 15.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। सूर्यकुमार यादव ने नाबाद 47 रन बनाए और शिवम दुबे के साथ टीम को जीत दिलाई।

# कप्तान रजत पाटीदार ने जीता एक और बड़ा खिताब, 11 साल बाद बनाया दलीप ट्रॉफी चैंपियन

नई दिल्ली। रजत पाटीदार ने इस साल आरसीबी को पहली बार आईपीएल चैंपियन बनाया था। इस तरह रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी का 18 साल लंबा खिताबी सूखा समाप्त हुआ था। अब पाटीदार ने अपनी कप्तानी में एक और बड़ा कारनामा कर दिखाया है। पाटीदार ने बतौर कप्तान एक और बड़ा खिताब अपने नाम कर लिया है।

दरअसल, सेंट्रल जोन ने दलीप ट्रॉफी 2025 का खिताब जीत लिया है। रजत पाटीदार की कप्तानी में सेंट्रल जोन ने यह खिताब अपने नाम किया। सेंट्रल जोन ने फाइनल में साउथ जोन को 6 विकेट से हराकर 7वीं बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता। इससे पहले टीम 1971-72, 1996-97, 2004-05 और 2014-15 में चैंपियन बनी थी। वहीं, 1997-98 में सेंट्रल जोन ने वेस्ट जोन के साथ दलीप ट्रॉफी का खिताब साझा किया था।

सेंट्रल जोन को चैंपियन बनाने में कप्तान रजत पाटीदार और यश राठौड़ का अहम योगदान रहा। साउथ जोन के 149 रनों के जवाब में साउथ जोन ने पहली पारी में 500



से ज्यादा रन बनाए। पाटीदार ने पहली पारी में शानदार शतक जड़ा। उन्होंने 12 चौके और 2 छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। इसके अलावा यश राठौड़ ने 194 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और 2 छक्के जड़े। वहीं, सारांश जैन (69) और दानिश मालेवार (53) ने अर्धशतक जड़े। इस तरह सेंट्रल जोन पहली पारी में 511 रन स्कोरबोर्ड पर लगाने में सफल रहा।

दूसरी पारी में साउथ जोन ने शानदार वापसी करते हुए 426 रन बनाए। इस तरह सेंट्रल जोन को जीत के लिए 65 रनों का लक्ष्य मिला, जो उसने 5वें दिन 4 विकेट खोकर 21वें ओवर में ही हासिल कर लिया। यश राठौड़ को 194 रनों की शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया जबकि सारांश जैन प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

दलीप ट्रॉफी का खिताब जीतने के बाद कप्तान रजत पाटीदार ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हर कप्तान को ट्रॉफी पसंद होती है। टीम में ऐसे कई खिलाड़ी हैं जिन्होंने न सिर्फ फाइनल में, बल्कि पिछले दो मैचों में भी शानदार प्रदर्शन किया। पिच बल्लेबाजी के लिए बिल्कुल सही थी, हमारे गेंदबाजों ने दबदबा बनाया। विकेट थोड़ा सूखा था, इसलिए हमने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हमारा लक्ष्य पहली पारी में उन्हें जल्द से जल्द आउट करना था। हमने अनुमान लगाया था कि तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी, लेकिन मुझे स्पिनर को एक ओवर देना पड़ा ताकि देख सकूं कि गेंदबाज कैसा प्रदर्शन कर रहे हैं। स्पिनरों को ज्यादा मदद मिली।

# इजरायल को यूएआई का झटका, दुबई एयर शो में एंट्री पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। इजरायल ने हमास के ठिकाने ध्वस्त करने के लिए कतर की राजधानी दोहा पर हवाई हमला किया था. इसके विरोध में गल्फ देश एक हो गए हैं और इजरायल से बदला लेने पर अड़े हैं. इस बीच संयुक्त अरब अमीरात (॰श्व) ने इजरायल को बड़ा झटका दे दिया है.॰श्व ने दुबई एयर शो 2025 में इजरायल की रक्षा कंपनियों की भागीदारी पर आधिकारिक प्रतिबंध लगा दिया है.



आयोजकों ने इजरायल के रक्षा मंत्रालय और कंपनियों को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए प्रतिबंध की सूचना दे दी है.

बता दें कि॰श्व ने कतर के दोहा में हमास नेताओं पर इजरायल की एयर स्ट्राइक के बाद गल्फ देशों की निंदा और एकजुटता के बीच लिया गया है. वहीं इस फैसले से इजरायल अब॰श्व में इस बड़े रक्षा कार्यक्रम में हथियार बेचने या प्रदर्शित करने की रेस से बाहर हो गया है. यह फैसला साल 2020 के अब्राहम अकोर्डस के बाद दोनों देशों के रक्षा सहयोग को बड़ा झटका माना जा रहा है. वहीं गल्फ देशों में इजरायल से बदला लेने पर सहमति बनी है. सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कतर केस साथ एकजुटता दिखाई है. बता दें कि गल्फ देशों ने इजरायल के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय गठजोड़ बनाने की घोषणा की है. दोहा में आपातकालीन बैठक के लिए कई अरब और इस्लामिक विदेश मंत्री पहुंचे थे।

# प्रथम पृष्ठ का शेष...

**बिहार में पीएम मोदी की बड़ी....**

ने हाल ही में पूर्णिया के सरकारी मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाए थे, लेकिन पीएम के इस दौरे से विकास के मुद्दे पर बहस तेज हो गई है।

**5 साल में देंगे 1 करोड़ युवाओं को.....**

कटरिया के बीच 2,170 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल लाइन का शिलान्यास किया, जो गंगा नदी पर सीधा रेल संपर्क प्रदान करेगी। इसके साथ ही उन्होंने अररिया-गलगलिया (ठाकुरगंज) के बीच 4,410 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नई रेल लाइन का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 35,000 ग्रामीण लाभार्थियों और प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 5,920 शहरी लाभार्थियों के लिए आयोजित गृह प्रवेश समारोह में भाग लिया और कुछ लाभार्थियों को चाबियाँ सौंपीं।

**पीएम मोदी ने कोलकाता....**

को सुरक्षित निकालने और मित्र देशों में मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (एचएडीआर) जैसे कार्यों के लिए भी सशस्त्र बलों की भूमिका को सराहा. अगले दो दिनों में इस सम्मेलन में सभी सैन्य बलों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर प्रशासनिक एवं सैन्य अभियानों से जुड़े मामलों की समीक्षा की जाएगी. साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के नजरिए को अमलीजामा पहनाने के लिए रोडमैप भी बनाया जाएगा. सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी को ऑपरेशन सिंदूर के बाद पैदा नए हालात और सेनाओं की अभियानगत तैयारियों पर भी जानकारी दी गई.

**कोई भी गड़बड़ी मिली तो पूरी**

को बिहार एसआईआर में आधार कार्ड को 12वें निर्धारित दस्तावेज के रूप में शामिल करने का निर्देश दिया गया था। 8 सितंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा और निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए मतदाता की ओर से प्रस्तुत किए जाने पर इसकी वास्तविकता का पता लगा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन....**

गई है। जिन प्रावधानों पर रोक लगाई गई है उनमें पहला है, जिला कलेक्टर यह तय नहीं कर सकता कि कोई संपत्ति वक्फ है या नहीं। यह काम विधायिका और न्यायपालिका की भूमिका में हस्तक्षेप करता है। अगर कोई ऐसा करता है, तो यह शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन है। दूसरे प्रावधान में वक्फ बनाने के लिए किसी व्यक्ति को 5 साल तक अनुयायी होना जरूरी था। इस पर कोर्ट ने तब तक रोक लगा दी है, जब तक सरकार यह नियम नहीं बना लेती है कि कौन व्यक्ति इस्लाम का अनुयायी है और कौन नहीं? तीसरे प्रावधान में गैर-मुस्लिम को शामिल करने पर रोक लगाई गई है। इसे लेकर लेकर ष्टछ्वढ्ढ गवई और जस्टिस॰त्न मसीह की बेंच ने कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषदों में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या 3 से ज्यादा नहीं हो सकती। यानी बोर्ड के 11 सदस्यों में से बहुमत मुस्लिम समुदाय से होना चाहिए। कोर्ट ने ये भी कहा कि जहां तक संभव हो, बोर्ड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ष्टश्वह्र) भी मुस्लिम ही होना चाहिए। कोर्ट के मुताबिक, कानून पर रोक केवल दुर्बल मामलों में लगाई जा सकती है, लेकिन पूरे वक्फ कानून को रोकना ठीक नहीं होगा। सर्वोच्च कोर्ट ने कहा कि राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद में गैर-मुस्लिम सदस्यों की संख्या 3 से ज़्यादा नहीं हो सकती, इसमें सीमित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

**गेन जेड प्रदर्शनकारियों ने नेपाली....**

रामेश्वर खनाल को वित्त मंत्री और कुलमान घिसिंग को ऊर्जा मंत्री नियुक्त किया है। 36 साल के गुरुंग ने 8 सितंबर को काठमांडू में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था। वे हामी नेपाल नाम के NGO के संस्थापक हैं। 2015 में बना यह संगठन आपदाओं के दौरान राहत पहुंचाने के लिए जाना जाता है। भूकंप और बाढ़ जैसी आपात स्थितियों में इसके सदस्य बचाव, भोजन और पानी की व्यवस्था करते रहे हैं। संगठन ने समय-समय पर छात्रों और प्रवासी नेपाली नागरिकों से जुड़े मुद्दे भी उठाए हैं। इसी साल भुवनेश्वर में एक नेपाली छात्रा की आत्महत्या के मामले में भी 'हामी नेपाल' ने खुलकर आवाज उठाई थी और सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा किए थे। दिलचस्प यह है कि यह संगठन आमतौर पर राजनीतिक विवादों से दूरी बनाए रखता है। इसके इंस्टाग्राम पेज पर ज्यादातर मानवीय गतिविधियों की ही झलक मिलती है। ऐसे में काठमांडू विरोध का ऐलान गुरुंग के रुख में बड़ा बदलाव माना जा रहा है। गुरुंग का नाम पहली बार राजनीतिक विवाद में तब आया था, जब उन्होंने शिक्षक भर्ती घोटाले पर सवाल उठाए। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि नेता कार्की को सीधे निशाना बनाने से बच रहे हैं, लेकिन जनता और कार्यकर्ताओं के दबाव के चलते उन्हें अपनी ही पार्टी में जवाब देना पड़ रहा है।

**पंजाब में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का....**

वालों के मुताबिक राहुल गांधी ने उनको मदद का भरोसा दिलाया है। यह परिवार 14 दिन तक किसी के घर में रहा और अब भी बरामदे में तिरपाल डालकर रह रहा है। यहां से एक बजे के बाद राहुल गांधी गुरदासपुर के कस्बा डेरा बाबा नानक के लिए निकल गए। वे करीब 30 मिनट तक डेरा बाबा नानक के गुरचक्क गांव में रुके। उन्होंने देसी तरीके से चारपाई पर बैठकर बाढ़ प्रभावित लोगों से बातचीत की। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने बताया कि उनकी जमीनें हर साल दरिया के कारण बह जाती हैं, तटबंध टूट जाते हैं। इस समस्या से पिछले लंबे समय से कोई राहत नहीं मिली है। राहुल गांधी ने अपनी टीम को जिम्मेदारी दी कि सभी समस्याओं की सूची बनाएं और वे लोकसभा में उठाएंगे। अगर केंद्र सरकार के साथ लड़ाई कर इन समस्याओं का समाधान हो जाता है तो ठीक है, नहीं तो वे केंद्र में कांग्रेस की सरकार आने पर इन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करेंगे। बाढ़ पीड़ितों और किसानों का दर्द समझा। बाढ़ की वजह से पंजाब के 23 जिलों के 2097 गांव प्रभावित हुए हैं। लगभग एक लाख 91 हजार 926 हेक्टेयर में फसलें डूब गईं। 15 जिलों में 52 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, राहुल के दौरे पर भाजपा ने सवाल खड़े किए हैं कि देश में 8 राज्यों में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य दलों की गठबंधन सरकारें हैं।

**कॉमर्शियल गाड़ियों के लिए भी....**

न मिलने की शिकायत कन्फेडरेशन की ओर से मंत्रालय से की गई। इस पर केंद्रीय मंत्री गडकरी ने आश्वस्त किया है कि जिस तरह निजी कार चालकों के लिए तीन हजार रुपये का वार्षिक फास्टैग शुरू किया गया है, उसी तरह की सुविधा राज्य परिवहन व निजी बस और कैब चालकों को देने पर विचार किया है। इस पर संगठन की ओर से कहा गया कि परिवहन में लगे वाहनों के फेरे अधिक होते हैं, इसलिए उनकी राशि बड़ी होनी चाहिए। इस पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मंत्रालय की ओर से अध्ययन कराया जा रहा है कि इस सुविधा को किस तरह से दिया जा सकता है कि परिवहन सेवा के संचालकों को लाभ पहुंचे। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने बताया कि व्यावसायिक वाहनों की अधिकतम गति सीमा कम और निजी वाहनों की अधिकतम गति सीमा अधिक होने की व्यवस्था से भी वह सहमत नहीं हैं।

**कर्नाटक वाल्मीकि कॉरपोरेशन....**

केस की जांच पर नजर रखे हुए है. अब तक सीबीआई चार स्टेटस रिपोर्ट पेश कर चुकी है. जांच के दौरान सीबीआई ने पाया कि वाल्मीकि कॉरपोरेशन के अलावा अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग और कर्नाटक जर्मन टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के फंड्स भी घोटाले में खींच लिए गए. ST वेलफेयर डिपार्टमेंट से 2.17 करोड़ रुपये अलग-अलग फर्जी फर्मों के जरिए नेक्कांति नागराज (पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र के करीबी) की कंपनी धनलक्ष्मी एंटरप्राइजेज तक पहुंचाए गए. इनमें से करीब 1.20 करोड़ रुपये मंत्री नागेंद्र के रिश्तेदारों और स्टाफ जैसे उनकी बहन, बहनोई और पर्सनल असिस्टेंट के खातों में ट्रांसफर हुए. KGTTI के 64 लाख रुपये भी इसी तरह अलग-अलग ट्रस्ट और कंपनियों के जरिए घूमकर अंत में नागराज के भाई एन. रविकुमार और भांजे एन. यशवंत चौधरी तक पहुंचे. सीबीआई ने हाईकोर्ट की इजाजत के बाद इन नए आरोपों की जांच भी अपने हाथ में ले ली है. माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और बड़े खुलासे हो सकते हैं.

**वनतारा को सुप्रीम कोर्ट से क्लीन चीट....**

बल्कि मानवता के कल्याण का अभिन्न हिस्सा है। जब हम जानवरों की देखभाल करते हैं, तो हम मानवता की आत्मा की भी देखभाल करते हैं। हम इस अवसर पर भारत सरकार, राज्य सरकारों और पशु देखभाल के इस विशाल और चुनौतीपूर्ण कार्य में शामिल सभी हितधारकों के साथ अपनी एकजुटता की प्रतिज्ञा करते हैं और यह पुष्टि करते हैं कि वंतारा हमेशा उनके साथ निकट सहयोग में कार्य करने के लिए तैयार रहेगा। आइए हम सब मिलकर धरती माँ को सभी जीवों के लिए एक बेहतर स्थान बनाएं। सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया और सोशल मीडिया में आई खबरों तथा गैर सरकारी संगठनों और वन्यजीव संगठनों की विभिन्न शिकायतों के आधार पर वंतारा के खिलाफ अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली दो जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पूर्व न्यायाधीश की अध्यक्षता में चार सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था। व्यापक आरोपों को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निजी प्रतिवादी या किसी अन्य पक्ष से जवाब आमंत्रित करने से कोई खास फायदा नहीं होगा।

**चैतन्य बघेल की याचिका पर**

की अवैध कमाई की और उसे रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में लगाया। चैतन्य ने एसीबी की गिरफ्तारी की आशंका से अग्रिम जमानत अर्जी दायर की थी।शासन की तरफ से एएजी विवेक शर्मा ने जमानत का विरोध किया था। शासन की ओर से कहा गया की एसीबी की स्पेशल कोर्ट के बजाए सीधे हाईकोर्ट में याचिका लगाना उचित नहीं है। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता को निचली अदालत में आवेदन करने की छूट दी है। यह मामला भी जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच में लगा था।

**दुर्ग, मनेंद्रगढ़, जशपुर समेत छत्तीसगढ़....**

बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दूरदर्शी नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य शिक्षा नई ऊँचाइयों को छू रही है। 6 नए फिजियोथेरेपी महाविद्यालयों की स्थापना से प्रदेश के युवाओं को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य शिक्षा के अवसर मिलेंगे और फिजियोथेरेपी जैसी महत्वपूर्ण सेवा अब गांव-गांव तक पहुंच सकेगी। यह निर्णय प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के साथ ही युवाओं के लिए नए रोजगार और अवसरों का द्वार खोलेगा।

उल्लखेनीय है कि फिजियोथेरेपी वर्तमान में स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है और इन नए महाविद्यालयों से प्रशिक्षित विशेषज्ञ तैयार होंगे, जो आने वाले समय में समाज को बेहतर सेवाएं देंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि छत्तीसगढ़ में फिजियोथेरेपी कॉलेजों का विस्तार राज्य के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत प्रदान करेगा। अब मरीजों को फिजियोथेरेपी उपचार के लिए बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि अपने ही जिले में सेवाएं मिल सकेंगी।

# खैरागढ़ गणेश झांकी विसर्जन में युवक की हत्या, परिजनों ने मांगा मुआवजा और नौकरी

खैरागढ़ (दावा)। गणेश उत्सव के उमंग और उल्लास के बीच खैरागढ़ नगर में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। बीते सोमवार 8 सितंबर को नगर में निकली गणेश विसर्जन झांकी के दौरान वार्ड नंबर 17 दाऊचौरा निवासी युवक दीपक यादव की एक नाबालिक युवक ने पुलिस की मौजूदगी में ही चाकू मारकर हत्या कर दी। युवक दीपक यादव अपने परिवार का इकलौता सहारा था। उसके कमाई पर ही विधवा माँ और नाबालिक छोटे भाई का भरण-पोषण चलता था।



### घर में एकमात्र कमाने वाले पुत्र की मौत के बाद अचानक अंधेरा छा गया

बेटे की मौत के बाद अब परिवार पर अचानक अंधेरा छा गया है और आर्थिक संकट गहरा गया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक और आरक्षक को निलंबित कर दिया है।। वहीं राजनांदगांव में हाल ही में हुए एक अन्य चाकूबाजी मामले में मृतक परिवार को विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आर्थिक सहायता और नौकरी देने की घोषणा की गई थी।

पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन ने पिडीत परिवार को लेकर पहुंचे कलेक्ट्रेट कार्यालय इसी परिप्रेक्ष्य में दाऊचौरा के पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन ने मृतक की माँ भारती यादव व नाबालिग भाई एवं परिजनों के साथ सोमवार 15 सितंबर 2025 को जिला कलेक्टर को मांग पत्र सौंपकर मुख्यमंत्री से भावुक अपील की है,कि उनके परिवार को 4 लाख रुपये का मुआवजा और एक शासकीय नौकरी दी जाए।

उन्होंने कहा कि दीपक ही हमारे जीवन का सहारा था। अब उसके बिना परिवार के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री से निवेदन है कि वे हमारे दर्द को समझें और मदद करें।

### घर का एक चिराग बुझ गया- यशोदा वर्मा विधायक

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा बहुत दुःखत घटना घटा है,घर का एक चिराग बुझ गया है जो उसी के भरोसे घर चल रहा था,जो घटना हुआ झकझोर करने वाली बात है,दीपक की माँ जो मांग कर रही है जायज है।। मुआवजा वा नौकरी देना होगा।

### दीपक यादव एक सरल और मेहनती युवक था-पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन

पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन ने कहा कि दीपक यादव एक सरल और मेहनती युवक था। उसकी हत्या से यादव समाज सहित पूरे वार्ड को गहरा आघात पहुँचा है। उन्होंने कहा कि जैसे राजनांदगांव की चाकूबाजी की घटना पर छत्तीसगढ़ सरकार ने आर्थिक मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी। उसी अनुरूप दीपक यादव की हत्या के मामले में भी मुख्यमंत्री से मुआवजा और नौकरी की मांग की जाती है।

# गायत्री विद्या मंदिर में हिन्दी सम्मान में संगोष्ठी



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा और संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्थान गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) कंचन बाग में हिन्दी के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राज्यपाल सम्मान से सम्मानित प्राचार्य डॉ. शोभा श्रीवास्तव एवं डॉ. श्रीमती नीलम तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंकित व्यास के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। शाला की उपप्राचार्य श्रीमती तामेश्वरी साहू ने साहित्यकारों के हिन्दी में योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने हिन्दी के क्रमबद्ध विकास पर प्रकाश डाला। शाला की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती दुर्गा दुबे ने स्वामी विवेकानंद जी अपनी मातृभाषा से प्रेम को एक प्रसंग के माध्यम से सबके बीच रखा। श्रीमती रमा तिवारी ने हिन्दी को अपनी संस्कृति और संस्कार से जोड़ा। सुश्री नैनी शुक्ला ने कहा कि हिन्दी एक वैज्ञानिक भाषा है इसके सही उच्चारण से तोतलापन दूर हो जाता है। श्रीमती ममता देवांगन ने कहा कि हिन्दी हमें अपनत्व का एहसास कराती है। श्रीमती चेतना साहू ने अपनी स्वरचित कविता के माध्यम से हिन्दी भाषा का गौरवगान किया। श्रीमती वीणा स्वर्णकार ने कहा कि हम हिन्दी भाषा को आगे बढ़ाने संकल्पित रहेंगे। गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि मैं आप सबको हिन्दी दिवस एवं इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी की बधाई देता हूँ। हम हिन्दी एवं हिन्दी माध्यम स्कूल को आगे बढ़ाने सतत प्रयत्नशील है।

# विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 150 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



ठेलकाडीह (दावा)। मेरा युवा भारत राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा केंद्र के जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे और लेखापाल तपन साहू के नेतृत्व में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का अयोजन ग्राम रेगाकठेरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में आसपास के गांव के कुल 150 खिलाड़ी उपस्थित रहे द्यजिसमें कबड्डी, 100 मीटर दौड, रस्सा-कशी, रीलेरेस, गोलाफेक, तवाफेक का खेल का आयोजन किया गया जिसमें कबड्डी में प्रथम स्थान शिवनंदन क्लब भरदाखुर्द, रस्सा कशी में मां शीतला रेगाकठेरा प्रथम स्थान। एवं 100 मीटर दौड़ प्रथम स्थान प्रियांशी साहू, रेले रेस प्रथम डारागांव, गोला फेक प्रथम स्थान देवचंद, नवागांव डिस्कस थ्रो प्रथम स्थान क्षमा नेताम ने बाजी मारी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजनंदगांव जनपद उपाध्यक्ष अनिता डिगेंद्र सिन्हा रहे। विशिष्ट अतिथि तिलई मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर एवं अध्यक्षता सरपंच अनिता साहू ने की साथ ही उक्त प्रतियोगिता में सरपंच प्रतिनिधि पूर्व जनपद सदस्य गणेश साहू, जितेंद्र साहू, अशोक सिंन्हा, हुमन लाल साहू, पूर्णिमा सिंह, भीकम साहू, तुलाराम साहू, अनूप सिंन्हा, रूद्र प्रसाद सूर्यवाणी, देवचंद, बसंत जंघेल, सर्वेश्वर मानिकपुरी स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा व आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नशाखोरी पर मगरमच्छी आंसू बहा रही असल जिम्मेदार वही-रवि सिन्हा

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस नेता संतोष पिल्ले के बयान पर शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के अध्यक्ष एवं पार्षद रवि सिन्हा ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि कांग्रेस नेताओं को जनता को गुमराह करने की आदत पड़ चुकी है।



शराब और नशाखोरी के मुद्दे पर कांग्रेस मगरमच्छी आंसू बहा रही है जबकि असल में प्रदेश में नशे के व्यापार की जड़ें कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में ही सबसे गहरी हुई थीं। सिन्हा ने कहा कि संतोष पिल्ले जैसे कांग्रेस नेता यह भूल रहे हैं कि सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने शराबबंदी का केवल खोखला ढोल पीटा। हकीकत यह है कि कांग्रेस की सरकार ने ही शराबबंदी का वादा करके जनता से विश्वासघात किया और सत्ता में आते ही प्रदेश को शराब का अड्डा बना दिया। सिन्हा ने स्पष्ट कहा कि डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में शराबबंदी पर सख्त कदम उठाए गए थे और नशाखोरी पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई हुई थी। लेकिन कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही शराबबंदी की सारी बातों को ताक पर रख दिया और राजस्व के नाम पर शराब का कारोबार बढ़ाया। सिन्हा ने कांग्रेस को आईना दिखाते हुए कहा कि आज प्रदेश में जो हालत है उसकी जिम्मेदार कांग्रेस और उसके नेता हैं। जिनके शासनकाल में नाबालिग तक नशे की गिरफ्त में आ गए और अपराधियों के हौसले बुलंद हुए उन्हें भाजपा पर उंगली उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। पार्षद रवि सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा हमेशा समाज में नशा मुक्ति और संस्कार की राजनीति करती रही है। कांग्रेस के नेता अपनी असफलताओं और पाखंड को छुपाने के लिए भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगाते हैं। जनता अब पूरी तरह जान चुकी है कि असली दोषी कांग्रेस ही है भाजपा नहीं।

# मन में संतोष नहीं तब तक प्रसन्नता नहीं-मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। श्री विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि जब तक मन में संतोष नहीं तब तक प्रसन्नता नहीं आएगी, जीवन में कोई मजा नहीं आएगा।



**जिसे कुछ पाने की चाह नहीं उससे बड़ा कोई राजा नहीं**
**चातुर्मासिक प्रवचन**

उन्होंने कहा कि लाखों-करोड़ों रुपए होने को बावजूद धन कुबेरों के चेहरे में प्रसन्नता नहीं दिखती, वे हमेशा चिंतित नजर आते हैं। मजदूर शाम के 6:00 बजे तक मजदूरी कर निश्चित हो जाते हैं और उनके चेहरे पर संतोष जनक भाव नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि संतोष सबसे बड़ी चीज है। जैन बगीचे के उपाश्रय भवन में मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आत्मा जिस दिन अपने दोषों-अवगुणों को पहचान जाएगी, उस दिन आत्मा परमात्मा बन जाएगी। हमें भी आत्मा को आगे बढ़ाना है तो इसके दोषों-अवगुणों को दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि जिन्होंने अपनी गलतियों को पहचाना वे आगे बढ़ गए और जिन्होंने अपनी गलतियों को नहीं पहचाना वे वहीं के वहीं रह गए।

### सारी साधना-आराधना ही इसलिए है

मुनि श्री वीरभद्र (विराग) जी ने कहा कि आशाएं-अपेक्षाएं ही दुख का मूल कारण है। उन्होंने कहा कि जिसके पास सबकुछ है, वह और पाने की इच्छा रखता है तो वह दुखी है। जिसे कुछ नहीं और उसे कुछ भी नहीं चाहिए तो वह राजाओं का राजा है। लौकिक इच्छा तो सभी की है किंतु लोकोत्तर मोक्ष पाने जैसी इच्छा किसी में नहीं है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक दृष्टि से हर पल जागते रहना होगा। मुनि श्री ने कहा कि हमारी आत्मा को ताकतवर बनाने के लिए हमें सजग रहकर ध्यान करना होगा और भीतर के दोषों-अवगुणों को बाहर निकालना होगा। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# जोरातराई, ठेकवा, ककरेल, परेवाडीह में खुलेआम बिक रही है शराब

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम ठेकवा, ककरेल, जोरातराई (म), परेवाडीह (उपशराब भट्टी) में अवैध शराब, गांजा बिक्री जोरों से चल रही है। वहीं क्षेत्र के ग्राम मनगटा, बघेरा, नवागांव, मौहाभाठा, परमालकसा, बैगाटोला, फरहद सहित अन्य गांव में पूर्ण शराबबंदी की तैयारी चल रही है।




शराब कोचियों के हौसले बुलंद

ग्राम मनगटा, ग्राम बघेरा में पूर्ण शराबबंदी हो चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम ठेकवा के होटल ढाबा में अवैध गांजा एवं शराब की बिक्री की जाती है और ग्राम ककरेल में तीन व्यक्तियों द्वारा अवैध शराब की बिक्री की जा रही है और जिले के अंतिम छोर में बसा ग्राम जोरातराई (म) में एक व्यक्ति द्वारा शराब की खुलेआम बिक्री की जा रही है।

ग्राम ककरेल के भाठा (मैदान) शराबियों का अड्डा है और दूसरे तरफ ककरेल मौहाभाटा मार्ग पर तालाब के पास शराबियों का मुख्य अड्डा है जहां पर शराबी पानी पाउच और डिस्पोजल की गंदगी फैला रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जोरातराई में एक कांग्रेसी द्वारा साठगाठ से शराब बिक्री की जा रही है जिसको क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं का संरक्षण भी मिल रहा है। यूं कहे तो अपना चुनावी खर्च निकाल रहा है।

### ककरेल के युवा सरपंच अभिषेक पाटिल का सपना रह गया अधूरा

बीते दिनों में ग्राम ककरेल के युवा सरपंच अभिषेक पाटिल का सपना था कि ग्राम ककरेल मे भी पूर्ण शराबबंदी हो लेकिन उनके निधन से अब वह सपना सिर्फ सपना ही रह गया है। गांव का माहौल पूरी तरह से खराब हो चुका है हर कोई नशे में लिफ्त नजर आता है। गांव की महिलाएं बच्चे, युवा, बुजुर्ग सभी लोग उनके इस दुनिया से जाने के गम को नहीं भूल पाएगे उनके संकल्प था कि गांव बने स्वच्छ और पूर्ण शराब मुक्त ग्राम।

# दिग्विजय महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन में एवं प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन में विभाग के विद्यार्थियों ने कांकेर जिला स्थित दुधवा बांध में संचालित केज कल्चर इकाई का शैक्षणिक ग्रहण किया। आज के बदलते शैक्षणिक परिवेश में प्रत्यक्ष अनुभव आधारित अध्ययन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतुएम.एससी. जूलॉजी के 75 पीजी छात्र-छात्राओंके लिएदुधावा डेम, कांकेर (छत्तीसगढ़) में आयोजितशैक्षणिक भ्रमण एक ऐतिहासिक पहल के रूप में सामने आया। इस भ्रमण का नेतृत्वप्रो. चिरंजीव पांडेयएवंश्रीमती करूणा रावटेने किया।



शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधयों में आपसी सहयोग से होगा सुविधा विस्तार

इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों कोकेज कल्चर की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना था, जो आधुनिक मत्स्य पालन की सबसे प्रगतिशील तकनीकों में से एक है। दुधावा डेम कांकेर जिले में स्थित एक प्रसिद्ध जलाशय है। यह न केवल सिंचाई एवं पेयजल का प्रमुख स्रोत है, बल्कि राज्य की मछली उत्पादन क्षमता को भी बढ़ाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए यहाँ कई कृत्रिम मत्स्य उत्पादन केंद्र तथा केज कल्चर यूनिट्स स्थापित किए गए हैं। छात्रों को यह बताया गया कि जलाशयों व डेमों में लोहे अथवा प्लास्टिक की जाली से बने बड़े-बड़े पिंजरों में मछलियों का पालन किया जाता है। यह पद्धति पारंपरिक तालाब मत्स्य पालन की तुलना में अधिक उत्पादक होती है, किस प्रकार सेफिंगरलिंग्स (छोटी मछलियाँ) को केज में छोड़ा जाता है और उनकी प्रारंभिक देखभाल कैसे की जाती है, मछलियों को संतुलित आहार प्रदान करने की तकनीक का प्रदर्शन किया गया। यह समझाया गया कि उचित आहार से मछलियों की वृद्धि दर तथा बाज़ार मूल्य दोनों प्रभावित होते हैं।

विशेषज्ञों ने छात्रों को बताया कि केज कल्चर मेंपानी की गुणवत्ता , घुलित ऑक्सीजन एवंपारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखना अति आवश्यक है। रोगों की पहचान, रोकथाम और उपचार के उपाय भी साझा किए गए। भ्रमण के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि केज कल्चर ग्रामीण मत्स्य किसानों के लिएआर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी साधन है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजनएवंगरीबी उन्मूलनमें मदद मिलती है। छात्रों ने इस भ्रमण के दौरान प्रत्यक्ष रूप से यह अनुभव किया कि पाठ्यक्रम में सीखी गईसैद्धांतिक जानकारियाँ किस प्रकार व्यावहारिक जीवन से जुड़ती हैं। उन्हें यह समझने का अवसर मिला किमत्स्य पालन का वैज्ञानिक दृष्टिकोण न केवल शोध और अध्ययन के लिए उपयोगी है, बल्कि राज्य और राष्ट्र कीखाद्य सुरक्षा एवं आर्थिक प्रगतिके लिए भी आवश्यक है। प्रो. चिरंजीव पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण छात्रों को कक्षा से बाहर निकाल कर व्यावहारिक जीवन की परिस्थितियों से जोड़ते हैं। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में मत्स्य पालन पोषण सुरक्षा और सतत विकास दोनों का आधार है। वहीं, श्रीमती करूणा रावटे ने कहा कि "दुधावा डेम का भ्रमण छात्रों के लिए जीवंत प्रयोगशाला सिद्ध हुआ। यहाँ उन्होंने सीखा कि एक्वा कल्चर केवल शोध का विषय नहीं, बल्कि रोजगार और नवाचार का भी माध्यम है।" मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने भी छात्रों को नवीनतम तकनीकों व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना जैसी योजनाएँ युवाओं को मत्स्य पालन में उद्यमिता के अवसर प्रदान कर रही हैं। भ्रमण का समापन छात्रों की सकारात्मक प्रतिक्रियाओं के साथ हुआ।

# रजक कार बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक का कटंगी में स्वागत, सामाजिक विकास का दिया आश्वासन



गंडई-पंडरिया (दावा)। रजक कार बोर्ड के अध्यक्ष प्रह्लाद रजक का गंडई क्षेत्र के ग्राम पंचायत कटंगी में जोरदार स्वागत किया गया। रजक समाज ने उनके अध्यक्ष बनने पर यह सम्मान समारोह रखा था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, रजक ने समाज को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने लीमो में बन रहे सामाजिक भवन को पूरा करने के लिए और अधिक राशि की मांग करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही, उन्होंने कटंगी में 10 लाख रुपये की लागत से एक नया सामाजिक भवन बनाने की घोषणा भी की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर और जीवन दास रात्रे ने भी समाज हित में अपने विचार रखे। समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, महिलाएं और बच्चे उपस्थित थे।

# कान्फ्लूएंस कॉलेज में हिंदी सप्ताह का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज राजनांदगांव में दिनांक 10 से 13 सितंबर तक हिंदी सप्ताह का आयोजन गरिमा पूर्ण एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति सम्मान, सृजनात्मक और अभिव्यक्ति कौशल को प्रोत्साहित करना था। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में हिंदी भाषा साहित्य और संस्कृति पर आधारित रचनात्मक विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।



वाद विवाद प्रतियोगिता में समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए, जिससे उनके चिंतन क्षमता और वक्तृत्व कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन हुआ। प्रश्नोत्तरी एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रचना पांडेय ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के संवर्धन हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उनके सृजनात्मक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन भाषा के प्रति जागरूकता और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। महाविद्यालय के संचालकगण ने कहा कि हिंदी के समृद्ध साहित्यिक इतिहास और सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित कर नई पीढ़ी को परिचित कराना महत्वपूर्ण उद्देश्य है।

विशेष रूप से युवाओं को आव्हान्वित करते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व की भावना पैदा करना चाहिए। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम-फलिता द्वितीय-कौशल्या एवं अनामिका। तृतीय स्थान पर काजल और हेमा रहे। वाद-विवाद में प्रथम- सत्यम और उत्कर्ष तथा द्वितीय स्थान पर रीना एवं चुरामन रहे। प्रश्नोत्तरी में प्रथम उत्कर्ष एवं अनामिका, द्वितीय- टिकेश्वरी जयते एवं देव श्री रावटे रहे तथा पत्र लेखन में प्रथम- उत्कर्ष (कॉन्फ्लूएंस कॉलेज) एवं कमलेश्वरी नेताम (रॉयल कॉलेज)! द्वितीय स्थान पर लेमेश्वरी (रॉयल कॉलेज) एवं अशोक कुमार साहू कॉन्फ्लूएंस कॉलेज रहे। इस अवसर पर प्रीति इंदौरकर (विभाग अध्यक्ष) विजय मानिकपुरी एनएसएस प्रभारी एवं हिंदी विभाग के प्रभारी राधेलाल देवांगन एवं दिव्या श्रीवास्तव सहा. प्राध्या. एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

# माँ अन्नपुर्णा देवी मंदिर में नवरात्रि पर्व की तैयारी जोर शोर से



गंडई पंडरिया (दावा)। पैलिमेटा में पहाड़ों के बीच स्थित मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर स्थित है। जहां ज्योति कलश स्थापना प्रति वर्ष जिसमें कुवार नवरात्रि और चैत्र नवरात्रि में प्रज्जवलित किया जाता है। माता की मंदिर रास पहाड़ में विराजमान है मान्यता है। कि यह मंदिर प्राचीन काल से विराजमान है। लोगो की आस्था का प्रतीक है। यह लोग दूर दूर से माता की दर्शन करने आते हैं। माता की दर्शन मात्र से लोगो का दुख दूर हो जाता है। मंदिर समिति के लोग नवरात्रि की तैयारी में जुटे हुए है। इस मौके पर सुखनंदन साहू, कासीराम पोर्ते, नरेश कुंभकार, नेहरू जंघेल, बोधन जंघेल, मोहित वर्मा, नरेश मांडवी, खेमलाल जंघेल, शंकर यादव, हेमलाल यादव, होरी जघेल, ललित यादव, अशोक नेताम, विनोद पोरते सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# बहुविषयक शिक्षा, रोजगारोन्मुखी तैयारी की सशक्त पहल - कुलपति. डॉ संजय तिवारी

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रॉयल कॉलेज लालबाग राजनांदगाँव में 2 एवं 3 सितंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर वेबिनार कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रतिदिन दो सेशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय तिवारी कुलपति हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग छत्तीसगढ़ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सभी कार्यक्रम यू-ट्यूब पर भी लाइव किया गया।



रॉयल कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तर वेबिनार कार्यक्रम संपन्न

डॉ. संजय तिवारी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी 2020) के अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा को रोजगारोन्मुखी तैयारी हेतु एक पहल बताया। कार्यक्रम के प्रथम वक्ता के रूप में डॉ. हेमंत साव, गणित विभाग शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय राजनांदगांव छत्तीसगढ़, डॉक्टर चक्रधर नायक एचओडी बी.एड., एम.एड. एमएससीबी विश्वविद्यालय बरिपदा, मयूरभंज उड़ीसा, डॉ चंद्रशेखर पांडे सहायक प्राध्यापक शिक्षा विभाग महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय महाराष्ट्र द्वारा व्याख्यान दिए गए। व्याख्यान के बाद इंटरएक्टिव सेशन रखा गया। इसके पश्चात प्रतिभागियों द्वारा पेपर का प्रस्तुतीकरण किया गया। इस प्रकार दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष डॉ. सविता जे.बी. सिंह, अशोक चौधरी, डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर इंद्र कुमार वैष्णव, प्राचार्य डॉ. अनुराधा शुक्ला, श्रीमती इला सिंह (एडवाइजर), डॉ. यामिनी साहू उप-प्राचार्य, डॉ. संध्या मोहबे, डॉ. रागिनी सरजारे, एम.एस. नारंग, श्रीमती घनेश्वरी साहू, डॉ. जागेश्वरी साहू, सुनील कुमार भट्टाचार्य, पी.एल. महोबे, श्रीमती शशिकला सिंह, एवं वशिष्ट वाडेकर ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु उत्साहवर्धन किया एवं योगदान दिया।

# मुंह बोले नाना ने चार साल की बच्ची को बनाया हवस का शिकार, मासूम ने मां को सुनाई पूरी कहानी, आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ़ (दावा)। मुंह बोले नाना ने चार वर्षीय मासूम को हवस का शिकार बनाया। घटना डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के वार्ड चार की है। कुछ माह पहले ही परिवार किराये के मकान में रहने आया था। इसी बीच मोहल्ले के ही आरोपित 53 वर्षीय ज्ञानी चौरे से मासूम की जान पहचान हुई। मासूम आरोपित को नाना कहकर पुकारती थी। रविवार की देर शाम आरोपी घर में खेलने आई मासूम के साथ अनाचार किया। अनाचार करने के बाद घर भेज दिया।

### लोगों ने थाने का किया घेराव

घर आते ही मासूम ने प्राइवेट पार्ट व पेट में दर्द होने की शिकायत की। जिसके बाद मासूम ने अपनी मां को पूरी कहानी बताई। जिसके बाद परिवार के होश उड़ गए। मां देर रात थाने पहुंचकर एफआइआर दर्ज कराई। इधर, मासूम के साथ अनाचार की घटना होने के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। रात 12 बजे तक थाने में लोगों की भीड़ जुटी रही।

भीड़ से बचाकर थाना अंदर ले गए

पुलिस ने रात में ही संदिग्धों को उठाकर थाने ले आई। मासूम ने बताया कि मोहल्ले में रहने वाले जिसे नाना कहकर बुलाती थी उसी ने घिनौना कृत्य किया है। इसके बाद जब आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस थाना लेकर पहुंची तो



आक्रोशित लोगों ने हंगामा करते हुए आरोपित को उनके हवाले करने की मांग की।

### भीड़ से बचाकर थाने लाया गया

लोगों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने काफी देर तक आरोपित को गाड़ी में ही बैठाए रखा। बाद में भीड़ से बचाकर आरोपित को थाना के अंदर ले जाया गया। मुलाहिजा के बाद आरोपित के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। सोमवार को आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया।

### आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

थाना डोंगरगढ़ प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उक्त हैवान को तत्काल गिरफ्तार कर न्यायालय ने पेश किया गया है। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता की माँ के रिपोर्ट पर एवं डॉक्टरी मुलाहिजा के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा-65(2) बीएनएस, 4(2) पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। तत्पश्चात जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीश कुंजाम द्वारा प्रकरण के विवेचना हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जाने पर अपने पुलिस स्टॉफ के साथ आरोपी ज्ञानी चौरे पिता पंचू चौरे उम्र- 53 साल निवासी डोंगरगढ़, जिला को पता तलाश कर धर दबोचा गया। थाना प्रभारी श्री शाह ने बताया कि आरोपी ज्ञानी चौरे द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने से सोमवार 15 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

# अभा कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में 'वोट चोर् गद्दी छोड़' जनजागरण अभियान : 18 को जंगी आमसभा



राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र की मोदी भाजपा सरकार की जनविरोधी व लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पूरे देश में 'वोट चोर् गद्दी छोड़' जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

शहर के हृदय स्थल राजस्थान चौक में एतिहासिक विशाल आमसभा का आयोजन 18 सितंबर दिन गुरुवार को आयोजित जयस्तंभ चौक में इस अभियान को सफल बनाने व एआईसीसी महासचिव व छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट का आगमन राजनांदगांव शहर में हो रहा जिसी की तैयारी को लेकर आज शहर के कांग्रेस भवन में जयस्तंभ चौक में आम सभा को सफल बनाने के लिए जगह का चयन किया गया जिसमें आज ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू व शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, कमलजीत सिंह, इकरामुद्दीन सोलंकी, रुपेश दुबे, हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, शकील रिजवी, भोला यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी जी द्वारा पूरे देश में 'वोट चोर् गद्दी छोड़' जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

छग प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार आगामी 18 सितंबर को जिले में केन्द्र भाजपा सरकार के खिलाफ ''वोट चोर् गद्दी छोड़'' अभियान व सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशेष रूप से एआईसीसी महासचिव व छ.ग. प्रभारी सचिन पायलट शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों की रूपरेखा के संबंध में पीसीसी महामंत्री संगठन, पएआईसीसी द्वारा निर्धारित कार्यक्रम 'वोट चोर् गद्दी छोड़' चलाया जा रहा है जिसके तहत आगामी 18 सितंबर को राजनांदगांव जिले में होना है जिसके लिए यात्रा प्रभारी सचिन पायलट जी आ रहे है। आयोजन कैसे होगा, उनका प्रारूप कैसा होगा कैसे भव्य स्वरूप देंगे इस पर चर्चा हुई है। साथ शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

# यूपी पुलिस के पैटर्न में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाल कर घुमाया शहर

### योगी सरकार के पैटर्न में गुंडे मवालियों को दिया जा रहा कड़ा संदेश

### गांजा, शराब, चाकूबाजी वाले असामाजिक तत्वों पर हो रही धड़ाधड़ कार्रवाई

राजनांदगांव (दावा)। जिले में बढ़ते अपराध के चलते हो रही मारपीट चाकूबाजी, हत्याएं आदि की घटनाओं से बेजार हुई पुलिस अब यूपी की योगी सरकार की तरह एक्शन में आ गई है और शराब गांजा तस्करों से लेकर हर तरह के असामाजिक कृत्य करने वाले आरोपियो पर धड़ाधड़ कार्रवाई की जा रही है।



नवांगांव वाले मामले में अब तक 11 आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं वहीं मामले के एक फरार आरोपी को पुलिस ने शनिवार को धर दबोचा है। फिलहाल वे न्यायिक रिमांड पर जेल की हवा खा रहे हैं।

बता दें कि बजरंग पुर में हुई चाकूबाजी से तीन लोगों की मौत ने न केवल लोगों को झकझोर दिया पुलिस वालो को किनून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भी एक चैलेंज पैदा कर दिया। इस घटना के बीच पारींनाला के पास हुई जानलेवा चाकू बाजी की घटना पुलिस को कहीं और भी ज्यादा सतर्क कर दिया और योगी जी की पुलिस के पैटर्न में अपराधियों पर गाज गिराना शुरू कर दिया है। जिसका नजारा रविवार को शहर में देखने को मिला।

### चाकूबाजी के आरोपियों को घुमाया गया शहर

कोतवाली पुलिस ने गत दिनों पारींनाला के पास पेट्रोल के लिए पैसे नहीं देने पर युवक पर चाकू से जान लेवा हमला करने वाले एक नाबालिग सहित दो आरोपियों की जुलूस निकाली और शहर भर में घुमाया। बता दें कि पेट्रोल भराने पैसा नही देने पर तीन आरोपियों ने पारींनाला के पास युवक पर चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया था। पुलिस ने उन आरोपियों को धर दबोच कर उनकी शहर में जुलूस निकाली और कोतवाली थाने से जीई रोड होते हुए उन्हें पैदल चलाते हुए गुरुद्वारा चौक तक ले गई। इस दौरान आरोपियों का चेहरा देखने लायक था। कोतवाली पुलिस द्वारा साईबर टीम के विनर पम्मार, चौकी चिखली प्रभारी कैलाश मरई, कोतवाली थाने के रामखिलावन आदि के द्वारा आरोपियों की निकाली गई जुलूस से शहर के गुंडे मवालियों में एक संदेश गया है और इससे कम से कम आपराधिक घटनाएं करने में थोड़ी बाज आएंगे।

लोगों का कहना है कि कोतवाली पुलिस द्वारा आपराधिक कृत्यों वाले आरोपियों की इस तरह परेड लेने से निश्चित ही गुंडे मवालियों में पुलिस का भय कायम होगा और अवांछित घटनाओं को अंजाम देने बाज आएंगे।

# धार्मिक आस्था के साथ पारम्परिक एवं सामाजिक तरीके से होनी चाहिए गरबा व अन्य आयोजन - एसपी मोहित गर्ग

### पुलिस अधीक्षक ने दुर्गा उत्सव समितियों की ली बैठक

### निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रात्रि 10 बजे तक करें साउंड सिस्टम का उपयोग

### दुर्गा पंडाल के कारण नहीं होना चाहिए सड़कों में आवागमन बाधित



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने क्वांर नवरात्रि पर्व के संबंध में दुर्गा उत्सव समितियों की बैठक ली। पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने कहा कि संस्कारधानी के नाम से राजनांदगांव को जाना जाता है, इसके अनुरूप दुर्गा उत्सव समितियों को पारंपरिक एवं धार्मिक तरीके से गरबा व अन्य कार्यक्रमों को आयोजित करने कहा।

उन्होंने कहा कि शहर हमारा है और शहर की छवि बनाए रखना हमसब की जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने समितियों से कहा कि ऐसा कार्य करें, जिससे अन्य लोगों को तकलीफ एवं दिक्कत नहीं होनी चाहिए। दुर्गा पंडाल के कारण किसी भी सड़क में आवागमन बाधित नहीं होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दुर्गा पंडाल ऐसे स्थानों पर लगाए जिससे नगरवासियों और नगर में आने वाले नागरिकों को किसी तरह की समस्या नहीं होनी चाहिए। एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, आपातकाल सेवाओं सहित अन्य सेवाएं बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गरबा तथा अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए साउंड सिस्टम का उपयोग निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप रात्रि 10 बजे तक कर सकते हैं। उन्होंने निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही साउंड सिस्टम संचालित करने कहा। उन्होंने गरबा एवं अन्य आयोजनों में धार्मिक आस्था रखते हुए सभ्यता, पारंपरिक और सामाजिक तरीके से कार्यक्रम आयोजित करने कहा। उन्होंने दुर्गा समितियों को पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से पर्याप्त मात्रा में लाईटिंग, सीसीटीवी और वालिंटियर्स लगाने कहा। जिससे सारी व्यवस्था अच्छे से हो सके।

पंडालों के आसपास साफ-सफाई और पर्याप्त मात्रा में डस्टबीन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग की टीम द्वारा लगातार शहर में पेट्रोलिंग की जाएगी। कोई भी समस्या होने पर 112 नंबर पर सूचना दे सकते हैं। बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन सहित दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालेर में जर्जर स्कूल भवन, बच्चों की पढ़ाई कचरा संग्रहण केंद्र में



अंबागढ़ चौकी (दावा)। औंधी क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने ग्राम बालेर का निरीक्षण किया। यहां स्थिति देखकर वे हैरान रह गए। स्कूल भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई गांव के कचरा संग्रहण केंद्र में हो रही है। यहां 19 बच्चे अध्ययनरत हैं। एक ही कमरे में कक्षा, शैक्षणिक गतिविधियां और प्रधानपाठक कक्ष संचालित किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान विधायक मंडावी और शिक्षा समिति के सभापति देवानंद कौशिक ने बच्चों से बातचीत की। बच्चों ने उन्हें कविता सुनाई और सामान्य ज्ञान के सवालों के जवाब भी दिए। विधायक ने कहा कि बच्चे पढ़ाई के प्रति सक्रिय और उत्साही हैं, लेकिन उन्हें अवसर और संसाधनों की कमी है। इस पर उन्होंने कलेक्टर को जिला खनिज न्यास मद से नया स्कूल भवन स्वीकृत करने के लिए पत्र लिखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही घोड़ाझरी, मोरचूल और आलकन्हार में धीमी गति से चल रहे स्कूल भवन निर्माण कार्यों को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जल्द और गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# समानता, सहयोग तथा सेवा भाव से समाज सशक्त होगा





### ध्वजारोहण के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

### उत्सव से महोत्सव की ओर अग्रसर

राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव का आज भव्य शुभारंभ हुआ। स्थानीय अग्रसेन भवन में प्रातः 10 बजे मुख्य अतिथि प्रतिष्ठित समाजसेवी श्री मनोहर लाल बिंदल ने ध्वजारोहण किया। कुलपिता-माता एवं कुलदेवी की पूजा अर्चना तथा प्रज्वलित दीपशिखा की स्तुति के साथ समारोह प्रारंभ हुआ। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री बिंदल ने कहा कि अग्रवाल समाज ने अपने आराध्य भगवान श्री अग्रसेन जी का अनुसरण करते हुए अतुलनीय उपलब्धियां हासिल की है।

समानता सहयोग और सेवाभाव के साथ कार्य करते हुए हमारा समाज और अधिक सशक्त तथा समृद्ध बनेगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने अपने उद् बोधन में अग्रसेन जयंती की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा कि सभी अग्र परिवार पूरे एक सप्ताह तक जयंती महोत्सव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। अपने परिवार एवं समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हुए इस उत्सव का पूरा आनंद लें। निवृत्तमान अध्यक्ष श्री संतोष अग्रवाल ने कहा कि सामाजिक एकजुटता जरूरी है। उन्होंने जयंती कार्यक्रमों में सहभागिता एवं उत्साहवर्धन की अपील की। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन करते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने भूमिका रखी कि हम अग्रवंशी इस सामाजिक उत्सव को महोत्सव बनाने की ओर अग्रसर हैं। अंत में अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने आभार ज्ञापित किया।

आज की प्रतियोगिताएं 16 सितम्बर, मंगलवार महिला मंडल द्वारा- राणीसती दादी की आकृति बनाओ (मूंगदाल की पीठी से), खड़े सूखे मसाले से ज्वेलरी बनाओ, मीठे व्यंजन बनाओ (रागी से), श्री अग्रसेन जी का मुकुट बनाओ, लक्की ड्रा एवं 1 मिनट गेम्स। नवयुवक मंडल द्वारा-नींबू दौड़ (जूनियर, सीनियर), लूडो (जूनियर, सीनियर एवं महिला) प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

# जिपं सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह ने जन्मदिन पर अभिलाषा के बच्चों का मुंह मीठा कराया

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी जिला राजनांदगांव में पदस्थ युवा होनहार ऊर्जावान कर्तव्यनिष्ठ सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिपल अग्रणी रहने वाली मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजनांदगांव सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह के द्वारा आज अपने जन्मदिन के अवसर पर अभिलाषा संस्था के बच्चों का मुंह मीठा कराने के उद्देश्य से पच्चीस सौ रुपए की की सहायता राशि सप्रेम भेंट किया गया।

संस्था के अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्नू, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव आलोक बिंदल, राजेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, महेश खंडेलवाल, संतोष खंडेलवाल, सूरज बुद्धदेव द्वारा सुअवसर पर सीईओ सुश्री सुरुचि सिंह को शुभकामनाएं अर्पित की गई। उक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव ने दी।






# वन्यजीव तस्करी का बड़ा खुलासा, चार संदिग्ध आरोपी गिरफ्तार, रसूखदारों तक पहुंच सकती है जांच

### वन विभाग द्वारा नियुक्त चौकीदार निकाला मास्टरमाइंड, लंबे समय से अवैध क्रियाकलाप में संलिप्त

### वन अधिकारियों की मिलीभगत के चलते अनेक मर्तबा कार्रवाई से बचाया गया है वन चौकीदार को

डोंगरगढ़ (दावा)। जंगल में वन्यजीव तस्करों के द्वारा हिरण का शिकार कर उसका मांस बेचने का मामला सामने आया है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के वन ग्राम खोलारघाट से वन्यजीव तस्करी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम ने हिरण का शिकार कर उसका मांस तस्करी करने वाले संदिग्ध तीन आरोपियों के साथ वन चौकीदार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम जे. डिनायल, नीलू फ्रांसिस, विशाल नंदेश्वर और वन विभाग का चौकीदार विश्वनाथ शामिल है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई के दौरान वन विभाग ने आरोपियों का पीछा किया। पकड़े जाने के डर से उन्होंने हिरण का मांस एक ग्रामीण के घर में फेंक दिया, लेकिन विभाग की टीम की सतर्कता से चारों को मौके पर ही धर दबोचा गया। विभाग ने मांस और परिवहन में प्रयुक्त बाइक जब्त कर ली है। हिरण का पोस्टमार्टम कराकर उसका अंतिम संस्कार भी कराया गया।पकड़े गए आरोपियों का मेडिकल जांच करने के पश्चात न्यायालय में पेश कर जेल दाखिला कराया गया।



### रसूखदारों तक पहुंचने पर होगा और बड़ा खुलासा

गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। लेकिन सूत्रों की मानें तो यह पूरा नेटवर्क सिर्फ इन्हीं चार आरोपियों तक सीमित नहीं है। इस अवैध कारोबार में शहर के कुछ रसूखदार और प्रभावशाली लोगों के नाम भी जुड़ सकते हैं। इसी मामले की जांच के बीच आज सुबह एसडीओ फॉरेस्ट कार्यालय में दो वनकर्मी आपस में भिड़ गए। विभागीय सूत्रों का कहना है कि यह झगड़ा कार्यप्रणाली और खानापूर्ति को लेकर हुआ। ऐसे संवेदनशील मामले में विभागीय कलह ने कार्रवाई की गंभीरता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं पकड़े गए आरोपियों ने सीधे तौर पर अपने संलिप्त होने से इनकार किया है। जिससे ऐसा लगता है कि गुनाह किसी और ने किया है फसाया किसी और को जा रहा है। डोंगरगढ़ वन विभाग की यह कार्रवाई निश्चित रूप से बड़ी सफलता है, लेकिन अब सबसे अहम सवाल यही है कि क्या विभाग उन असली सरगनाओं तक भी पहुंचेगा जो परदे के पीछे से इस पूरे नेटवर्क को चला रहे हैं? या फिर यह मामला सिर्फ चार गिरफ्तारियों तक ही सीमित रह जाएगा? विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि अगर जांच ईमानदारी और दबाव से मुक्त होकर आगे बढ़ी, तो आने वाले दिनों में इस गिरोह से जुड़े कई और बड़े नामों का पर्दाफाश हो सकता है।

### वन्यप्राणी कोटरी का शिकार के प्रकरण में किया अपराध पंजीबद्ध

वन मंडल राजनांदगांव के वन परिक्षेत्र उत्तर बोरतलाव के उप वृत्त कोलारघाट के कक्ष क्रमांक 419 में रात्रिकालीन गश्ती दल द्वारा गश्त के दौरान मिसिया बाड़ा डोंगरगढ़ निवासी जय डेनियल, डोंगरगढ़ निवासी नील फ्रांसिंस, वार्ड नंबर 9 डोंगरगढ़ निवासी विशाला उर्फ इशान एवं कोलारघाट निवासी विश्वनाथ गोड़ द्वारा वन्यप्राणी कोटरी का शिकार के प्रकरण में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। अपराधिक प्रकरण में संलिप्त चारों अपराधियों को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी डोंगरगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कर रिमांड में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।


## किराये से देना है

1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम
रेंट पर देना है ।

Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।

-: संपर्क :-
मो.- 7000180368


### मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकार से सम्मानित हुई पूनम जोशी



राजनांदगांव(दावा)। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को गजेंद्र यादव के आतिथ्य एवं दुर्ग के सांसद विजय बघेल व संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय के मौजूदगी में संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग संभाग दुर्ग के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शा. प्राथमिक शाला मनेरी में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती पूनम जोशी को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2025 उत्कृष्ट प्रधान पाठक मोमेंटो भेंटकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।


## किराये से उपलब्ध है

दुकान, मकान, गोदाम, फ्लैट
किराए पर उपलब्ध है

पता –1. गोल बाजार मस्जिद के सामने वीआईपी गली हमाल पारा,राजनांदगांव
2. चांदनी सुहाग भंडार के सामने (नवयुवक गणेश मंडल गली में) हमाल पारा राजनांदगांव। संपर्क करें –

चांदनी सुहाग भंडार
गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव
मो. 9302435886, मो. 9827951560

## आवश्यकता है

दैनिक 'दावा' अखबार में
विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु
कुशल एवं अनुभवी लड़के की
आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक!
संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे
से शाम 5 बजे तक।



संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com